卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 179 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦6 अप्रैल 2026 ♦मूल्य दो रूपया

## दो अवैध मजारों पर चला बुल्डोजर

### नोटिस की अवधि बीतने के बाद तड़के हुई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

किच्छा(उद संवाददाता)। सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के अभियान के तहत प्रशासन और वन विभाग ने ऊधम सिंह नगर जिले में बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने बाराकोली वन क्षेत्र में अवैध रूप से निर्मित दो मजारों को सोमवार तड़के भारी पुलिस बल की मौजूदगी में ध्वस्त कर दिया। वन विभाग द्वारा इस कार्रवाई को अंजाम देने से करीब दो माह पूर्व संबंधित ढांचों पर नोटिस चस्पा किया गया था, जिसमें भूमि संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। निर्धारित समय सीमा बीतने और कोई संतोषजनक उत्तर न मिलने के बाद विभाग ने ध्वस्ती करण का निर्णय लिया।



जिलाधिकारी के दिशा-निर्देशों पर तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में इस अभियान को अंजाम दिया। कार्रवाई के दौरान उप जिलाधिकारी गौरव पांडे, तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह धोनी और कोतवाली प्रभारी प्रकाश सिंह दानू विभिन्न थानों की पुलिस टीम के साथ कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर मौजूद रहे। वन अधिकारी सावित्री देवी ने बताया कि धोरा डाम और गऊ घाट कट्टरा क्षेत्र सहित आरक्षित वन भूमि पर किए गए सभी (शेष पृष्ठ सात पर)

## दिनदहाड़े किसान के घर में 19 लाख की चोरी

### मंदिर गया था पूरा परिवार, घर लौटने पर नगदी और जेवर मिले गायब

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। नगर पंचायत के वार्ड नंबर 1 में सोमवार को दिनदहाड़े अज्ञात शातिर चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लगभग 18 लाख रुपये की भारी- भरकम नकदी और करीब 1 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। इस सनसनीखेज घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में हड़कम्प मचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 1 निवासी निशिकांत हालदार पुत्र स्वर्गीय नीम चंद्र हालदार का परिवार सोमवार सुबह खुशी के माहौल में धार्मिक अनुष्ठान के लिए घर से निकला था। निशिकांत का बेटा सपन हालदार हाल ही में हरिद्वार से कांवड़ में गंगाजल भरकर लौटा था। इसी पावन जल के अभिषेक के लिए पूरा परिवार सुबह करीब 10:30 बजे सुरेंद्रनगर स्थित बाबा तारकनाथ धाम गया हुआ था। घर के सभी सदस्य खुशी-खुशी जलाभिषेक में शामिल होने




गए थे। करीब डेढ़ घंटे बाद जब परिवार मंदिर से वापस लौटा, तो घर का मुख्य दरवाजा सामान्य देख किसी को अनहोनी का अंदेशा नहीं हुआ। लेकिन जैसे ही निशिकांत की पत्नी सुचित्रा हालदार अपने कमरे के भीतर पहुंचीं, वहां का नजारा देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। कमरे में रखे लॉकर और बक्से के (शेष पृष्ठ सात पर)

## गैस एजेंसी प्रबंधक ने जहर खाकर दी जान

### घटना के बाद गैस एजेंसियों में लटके ताले

चंपावत (उद संवाददाता)। कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा संचालित चंपावत गैस एजेंसी के प्रबंधक ने अज्ञात कारणों के चलते रविवार रात विषाक्त पदार्थ का



सेवन कर लिया। आनन फानन में उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के चलते आज कुमाऊ भर की गैस एजेंसियों में कामकाज ठप रहा जिस कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना (शेष पृष्ठ सात पर)

## स्पा सेंटरों की आड़ में चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़

### दो सेंटरों पर बड़ी कार्रवाई,चार लोग गिरफ्तार, नौ महिलाओं को किया रेस्क्यू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत देह व्यापार के अनैतिक नेटवर्क पर कड़ा प्रहार करते हुए शहर के दो प्रमुख स्पा सेंटरों में चल रहे गंदे धंधे का पर्दाफाश किया है। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने काशीपुर रोड और भूरारानी रोड पर स्थित स्पा सेंटरों में एक साथ छापेमारी कर 4 पुरुष अभियुक्तों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया और देह व्यापार के दलदल में धकेली गई 9 महिलाओं को सुरक्षित रेस्क्यू किया। प्रभारी निरीक्षक मोहन चन्द्र पाण्डेय की टीम ने काशीपुर रोड फ्लाईओवर के नीचे स्थित वाइट लोटस यूनीसेक्स स्पा पर छापा मारा। पुलिस टीम ने जब गैलरी के कमरों की



जांच की, तो एक कमरे से आपत्तिजनक आवाजें सुनाई दीं। महिला कांस्टेबल के माध्यम से दरवाजा खुलवाया गया तो अंदर भूरारानी निवासी गौरव साहू एक महिला के साथ आपत्तिजनक अवस्था में पाया गया। पूछताछ में गौरव ने कुबूल किया कि उसने काउन्टर पर 1000 रुपये देकर अनैतिक कार्य के लिए कमरे की बुकिंग की थी। काउन्टर पर मौजूद महिला जैनी ने खुलासा किया कि स्पा का मालिक राजू सिंह निवासी मैट्रोपोलिस और मैनेजर मोहम्मद शकील निवासी फरीदाबाद, हरियाणा ग्राहकों से मोटी रकम वसूलते थे, जिसमें से महिलाओं को केवल 200 रुपये थमाए जाते थे। पुलिस ने यहां से 3700 रुपये नकद सहित आपत्तिजनक सामान बरामद किया। यहां से कुल 4 महिलाओं को रेस्क्यू किया गया, जिन्होंने गरीबी और पारिवारिक मजबूरियों के चलते इस दलदल में फंसने की बात कही। पुलिस अब फरार मालिक राजू सिंह और मैनेजर शकील (शेष पृष्ठ सात पर)

## दो टेंपो ट्रैवलर पलटने से 11 पर्यटक घायल

कालाढूंगी (उद संवाददाता)। नैनीताल जिले के कालाढूंगी नैनीताल मार्ग पर रविवार देर शाम एक बड़ा सड़क हादसा हो गया जिसमें दो टेंपो ट्रैवलर अनियंत्रित होकर पलट गए। प्रिया बैंड के पास हुए इस हादसे में एक टेंपो ट्रैवलर के पीछे चल रहा दूसरा वाहन भी दुर्घटना ग्रस्त हो गया जिससे मौके पर अफरा तफरी मच गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पहले वाहन के ब्रेक फेल हो जाने के कारण चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन पहाड़ी से टकराकर सड़क पर पलट गया जिससे उसमें सवार कई पर्यटक घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद पीछे आ रहा दूसरा टेंपो ट्रैवलर भी अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे यात्रियों में चीख पुकार मच गई और दहशत फैल गई। बताया जा रहा है कि दोनों वाहनों में कुल 28 पर्यटक सवार थे



जो नैनीताल भ्रमण कर गाजियाबाद लौट रहे थे। इस भीषण हादसे में कुल 11 लोग घायल हुए हैं जिनमें से 2 पर्यटकों की हालत अत्यंत गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए राहत कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कालाढूंगी पुलिस और एम्बुलेंस की टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सुरक्षित बाहर (शेष पृष्ठ सात पर)

## सेलून से सोने की चेन और हजारों की नगदी उड़ाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रविवार रात्रि अज्ञात चोर ने काशीपुर मार्ग पर स्थित एक सेलून शॉप के शटर के ताले तोड़ वहां गल्ले में रखी सोने की चेन व हजारों की नगदी उड़ा ली। प्रातः जब दुकान स्वामी दुकान खोलने आया तो उसे घटना की जानकारी मिली। सूचना मिलने पर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा सहित पुलिसकर्मी भी आ गये। छानबीन के दौरान दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में एक युवक चोरी करता नजर आया। दुकान स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार लालपुर निवासी मो. फुरकान पुत्र इरफान नवी की काशीपुर मार्ग पर न्यू



एक्ट्रेक्शन सैलून नाम से दुकान है। उसने बताया कि रविवार की रात्रि वह करीब 11:30 बजे दुकान बंद कर घर वापस गया था। आज प्रातः लगभग 9:30 बजे दुकान खोलने आया तो उसने दुकान के शटर के ताले टूटे देखे। सूचना देने पर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा व पुलिसकर्मी आ गये। दुकान में लगे सीसीटीवी की फुटेज देखने पर पाया गया कि एक युवक मध्य रात्रि करीब 2:40 बजे दुकान के भीतर आया और उसने गल्ले को खोला। जिसमें सोने की चेन निकालकर (शेष पृष्ठ सात पर)




**रस्म पगड़ी/भोग**

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पति **श्री जगदीश कालड़ा जी** (पुत्र स्व. श्री मुन्शी राम कालड़ा) का आकस्मिक निधन दिनांक 30 मार्च 2026 को हो गया है। उनकी आत्मिक शांति के लिए **रस्म पगड़ी/भोग दिनांक 7 अप्रैल 2026 दिन मंगलवार** को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक **सिटी क्लब, रूद्रपुर** में सम्पन्न होगी।

**शोकाकुल परिवार**

प्रकाश रानी-स्व. बल्देव राज (बहन-बहनोई)
सुमन रानी-बनवारी लाल (बहन-बहनोई)
शीतल-पंकज खेड़ा (बेटी-दामाद)
संजना-चिराग अरोरा (बेटी-दामाद)
दीपिका-योगेश वाधवा(बेटी-दामाद)
वंशिका कालड़ा (बेटी)
समस्त कालड़ा एवं भुसरी परिवार

वीना रानी (पत्नी)
कपिल कालड़ा (पुत्र)
संत लाल कालड़ा-कांता रानी (भाई-भाभी)
रमेश कालड़ा-राजरानी(भाई-भाभी)
राजकुमार कालड़ा-संगीता रानी (भाई-भाभी)
अशोक कालड़ा-किरन (भाई-भाभी)
राकेश कालड़ा-वर्षा रानी (भाई-भाभी)

**निवास-ग्राम फुलसुंगी,रूद्रपुर मो.9927526323**


## आईजी ने कुमांऊ रेंज में 526 पुलिसकर्मियों के किए तबादले

### लंबे समय से एक ही स्थान पर जमे दरोगा और सिपाहियों की बदली गई जिम्मेदारी

नैनीताल (उद संवाददाता)। कुमाऊं परिक्षेत्र में पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और संतुलित बनाने के लिए आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने एक बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया है। आईजी ने व्यापक स्तर पर फेरबदल करते हुए दरोगा से लेकर कांस्टेबल तक कुल 526 पुलिसकर्मियों के तबादले कर दिए हैं। इस कार्रवाई को महकमे में अनुशासन और कार्यकुशलता बढ़ाने के साथ-साथ लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात कर्मियों के रोटेशन को सुनिश्चित करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। आईजी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि तबादला आदेश के बावजूद पुरानी तैनाती से जुड़े रहने



की प्रवृत्ति बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित जिला प्रभारियों को सभी स्थानांतरित कर्मियों को निर्धारित समय सीमा में कार्यमुक्त करने के निर्देश दिए हैं। जारी की गई विस्तृत सूची के अनुसार,इस फेरबदल में विभिन्न पदों के पुलिसकर्मी शामिल हैं। तबादला सूची में 23 दरोगा , 9 सहायक उपनिरीक्षक, 92 हेड कांस्टेबल और 357 कांस्टेबल शामिल हैं। इनके अतिरिक्त 33 सीएपी, 6 सीएमटी और 6 एम स्टाफ के कर्मियों को भी इधर से उधर किया गया है। आईजी ने अल्मोड़ा, नैनीताल, ऊधम सिंह नगर के एसएसपी और पिथौरागढ़, बागेश्वर व चंपावत के पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया है कि सभी स्थानांतरित कर्मियों को शुक्रवार तक अनिवार्य रूप से कार्यमुक्त कर इसकी रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी जाए। इस बड़े पैमाने पर हुए तबादलों से कुमाऊं (शेष पृष्ठ 7 पर)

# महानाम संकीर्तन से पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श इन्द्रा बंगाली कालोनी वार्ड 35 में सार्वजनिक श्री श्री अखण्ड महानाम संकीर्तन कमेटी द्वारा आयोजित किए जा रहे 24 प्रहर व्यापी श्री श्री महाप्रभु जी का सार्वजनिक श्री श्री अखण्ड महानाम संकीर्तन एवं विशाल भंडारा से पूर्व आज आयोजन स्थल श्री दुर्गा मंदिर से सैकड़ों महिलाओं व श्रद्धालुओं द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में भव्य कलश यात्रा निकली गई जो मंदिर से प्रारम्भ होकर अनेक मार्गों से होकर गुजरते हुई पेराडाईज झील पहुंची। जहां पूजा अर्चना के साथ महिलाओं ने कलश में गंगा जल ग्रहण किया और हरिनाम कीर्तन करती हुई वापस श्री दुर्गा मंदिर पहुंची। जहां धार्मिक अनुष्ठानों के साथ कलश स्थापित किये गये। मंदिर में आज रात्रि 9 बजे से अधिवास एवं मृदंग पूजा की जाएगी। कल 7 अप्रैल दिन मंगलवार को प्रात: 6 बजे से अखण्ड महानाम संकीर्तन प्रारम्भ होगा जिसका समापन 10 अप्रैल दिन शुक्रवार को प्रात: 6 बजे होगा। प्रत्येक दिन प्रात: 11 बजे से प्रभु इच्छा तक भंडारा प्रसाद वितरित किया जाएगा। प्रतिदिन मंदिर में सायं 7 बजे से संध्या आरती होगी। कलश यात्रा में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, पार्षद सरो राय, सावित्री सरकार, रीना सरकार, आरती मंडल, ज्योति राय, बबीता राय, सरोज राय, मालती मजूमदार, दीपाली मंडल, विष्णु मंडल, लक्ष्मी मंडल, सविता पाल, अंजनी गोलदार, रजनी शील, दुलाली मालाकार, देवकी सरकार, शांतना वैद्य, आरती सरकार, आशा वैद्यनाथ, मधु सरकार, सावित्री सरकार, ममता सरकार, सुमन राय, देवू मंडल, गोविंद राय, डा. ईश्वर मल्लिक, गुणधर गुहा, कार्तिक मंडल, काशीनाथ हाजरा, दुलाल राय, जुड़न मंडल, विधान सरकार, मंटू मजूमदार, अशोक मंडल, हेमलाल अधिकारी, डा. विमल घरामी, रविन्द्र धर, तपन मजूमदार, निर्मल हल्दार, विष्णु सरकार, तारापद सरकार, डा. रंजीत मिस्त्री, सुजीत मजूमदार, सुभाष मंडल, अमूल्य राय, अशोक राय, भगीरथ पाल, कृष्ण राय, ज्योतिष कराती, विजय विश्वास, शंकर पाल, संतोष मंडल, संजय विश्वास, बुद्धो मल्लिक, पप्पू दास, पुलिन शील, मधु सरकार, अध्यक्ष गणेश सरकार, सचिव सरोज राय, उप सचिव पवित्र राय, कोषाध्यक्ष विष्णु सरकार , ऑडिटर अमित सरकार, कृष्ण सरकार, उपाध्यक्ष गौरंग विश्वास, शंकर सरकार, सुजीत पाल , विकास विश्वास, लिठोन मालाकार,समीर बावली, शुभंकर विश्वास, दीपक बाला , संजय ढाली, गौतम मदक, विश्वजीत मजूमदार, गोपाल मजूमदार, पवित्र शील, गोविंद सरकार, राहुल मदक, विश्वजीत भक्त, तापस मजूमदार, सुशांत राय, डा. सुजीत मित्रा, डा. विमल घरामी सहित भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।





# प्रतिबंधित कैप्सूलों की खेप के साथ तस्कर दबोचा

## किच्छा बाईपास रोड पर चेकिंग के दौरान पकड़ा गया,192 नशीले कैप्सूल बरामद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रूद्रपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक नशा तस्कर को भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीले कैप्सूलों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से कुल 192 कैप्सूल बरामद हुए हैं, जिनका कुल वजन 73.92 ग्राम स्वापक औषधि आंका गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, रविवार रात उपनिरीक्षक चन्दन सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम चौकी रम्पुरा क्षेत्र में गश्त और संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी। रात करीब 10:45 बजे जब टीम किच्छा बाईपास रोड पर एफएसएल गेट के पास पहुंची, तो वहां सड़क किनारे एक युवक संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया। पुलिस की गाड़ी रुकते ही युवक सकपका गया और तेज कदमों से भागने का प्रयास करने लगा। संदेह होने पर पुलिस टीम ने पीछा कर उसे घेराबंदी कर दबोच लिया। पकड़े जाने पर युवक ने पुलिस से उलझने और भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने आवश्यक बल प्रयोग कर उसे काबू में कर लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम शारिक पुत्र स्व. शकील अहमद निवासी किच्छा (स्थायी पता- बहेड़ी, बरेली) बताया। तलाशी के दौरान शारिक ने अपने पेट के पास सफेद पन्नी में कुछ छिपा रखा था। जांच करने पर पन्नी के अंदर से नशीली दवाओं के 8 पत्ते बरामद हुए, जिनमें कुल 192 नीले रंग के कैप्सूल थे। बरामद दवाओं पर डायसाइक्लोमाइन, ट्रामाडोल और एसिटामिनोफेन अंकित था। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह खुद नशे का आदी है और ये नशीले कैप्सूल बिलासपुर (यूपी) में एरो अड्डे के पास एक मेडिकल स्टोर से किसी युवक से लेकर आया था। पुलिस के अनुसार, बरामद कैप्सूलों में ट्रामाडोल की कुल मात्रा 73.92 ग्राम (मध्यम मात्रा) पाई गई है, जो एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रतिबंधित श्रेणी में आती है। पुलिस ने बरामद माल को सील कर आरोपी को धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी और बरामदगी की पूरी प्रक्रिया की ई-साक्ष्य ऐप के माध्यम से वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक चन्दन सिंह बिष्ट के साथ उपनिरीक्षक धीरज टम्टा, कांस्टेबल मोहन सिंह खाती और महेंद्र कुमार शामिल रहे। पुलिस अब बिलासपुर स्थित उस स्रोत का पता लगाने में जुटी है, जहां से यह खेप लाई गई थी।

# दो किलो से अधिक गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ऊधम सिंह नगर पुलिस ने नशे के खिलाफ जारी अभियान के तहत एक और सफलता हासिल करते हुए अवैध गांजे की तस्करी कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2.058 किलोग्राम गांजा और तस्करी में प्रयुक्त सफेद रंग की स्विफ्ट कार बरामद की है। जानकारी के अनुसार, रविवार रात उपनिरीक्षक सुरेंद्र रिंगवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम बगवाड़ा मंडी गेट के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान रूद्रपुर की ओर से आ रही एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार (संख्या UK06 AQ6079) के चालक ने पुलिस टीम को देखकर गाड़ी पीछे मोड़कर भागने का प्रयास किया। शक होने पर पुलिस ने पीछा कर बगवाड़ा शिव मंदिर के पास घेराबंदी कर कार को रोक लिया। कार चला रहे युवक ने अपना नाम भोला साहनी पुत्र रामदयाल साहनी, निवासी सुभाष कॉलोनी, रूद्रपुर बताया। जब पुलिस ने कार की तलाशी ली, तो पिछली सीट के नीचे दो पारदर्शी पन्नियों में छुपाकर रखा गया गांजा बरामद हुआ। इलेक्ट्रॉनिक तराजू से वजन करने पर बरामद गांजे की कुल मात्रा 2.058 किलोग्राम पाई गई। पूछताछ में आरोपी भोला साहनी ने कबूल किया कि वह पिछले करीब डेढ़ साल से गांजे के अवैध व्यापार में लिप्त है। उसने बताया कि वह यह माल महतोष, गदरपुर से कम दामों में खरीदकर बगवाड़ा भट्टा निवासी सुनीता देवी को बेचने जा रहा था। पुलिस ने आरोपी



के पास से एक आईफोन और तस्करी में प्रयुक्त स्विफ्ट कार को भी कब्जे में ले लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ धारा 8/20/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तारी और बरामदगी की पूरी प्रक्रिया की ई-साक्ष्य ऐप के माध्यम से वीडियो रिकॉर्डिंग की गई। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुरेंद्र रिंगवाल के साथ उपनिरीक्षक जीवन अधिकारी, कांस्टेबल दिलीप कुमार, मुख्य आरक्षी भुवन पांडे और कांस्टेबल विनोद खत्री शामिल रहे। पुलिस अब गांजे की सप्लाई चेन से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

# धामी सरकार ने जारी की सात दायित्वधारियों की दूसरी सूची

देहरादून। धामी सरकार ने प्रदेश में दायित्वधारियों की दूसरी सूची भी जारी की है। रविवार को सरकार ने सात और लोगों को दायित्व बांटे हैं। वहीं, इससे पहले शुक्रवार को ही विभिन्न आयोगों, परिषदों और समितियों में 14 लोगों को नियुक्त कर कर दायित्व बांटे गए थे।जिसमें राव खाले खां सदस्य, किसान आयोग,योगेश रजवार सदस्य, बाल संरक्षक आयोग, दीप प्रकाश नेवलिया सदस्य, समाज कल्याण अनुश्रवण समिति, मनोज गौतम सदस्य, अनुसूचित जाति आयोग, प्रेमलता सदस्य, महिला आयोग, रूचि गिरी सदस्य, अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग,राजपाल कश्यप सदस्य, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण परिषद शामिल है।

# दंपती समेत चार के खिलाफ केस दर्ज

काशीपुर।एक महिला के साथ मारपीट, अभद्रता और धमकी देने का मामला आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किया है। गिरिताल रोड निवासी किरन देवी जाटव पत्नी सौरभ कुमार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 13 मार्च की शाम लगभग 7:30 बजे विनोद कुमार उर्फ टीटू उनके घर आया। आरोप है कि उसने पहले अभद्र भाषा का प्रयोग किया और इसके बाद जबरदस्ती करने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट की जिससे उसे चोटें आईं। साथ ही आरोपी द्वारा धमकी देने और उसके पति को झूठे मुकदमे में फंसाने की बात भी कही गई। आरोप लगाया कि 4 अप्रैल को आरोपी विनोद कुमार अपनी पत्नी, पुत्री इशिका और पुत्र आदित्य कुमार के साथ पुन: उसके घर में घुस आया। इस दौरान आरोपियों ने उसके पति के साथ मारपीट की तथा उन्हें घर से बाहर ले जाने का प्रयास किया।

# गैस की कालाबाजारी का भंडाफोड़: 53 खाली और 16 भरे सिलेंडर बरामद

## खंडहर में छापा मार कर आरोपी जुबैर अली को किया गिरफ्तार, गांजा औरकच्ची शराब भी बरामद किया

काशीपुर। काशीपुर में पुलिस और प्रशासन ने गैस की कालाबाजारी का भंडाफोड़ करते हुए बड़ी कार्यवाही की है। राजस्व, पूर्ति विभाग व पुलिस की टीम ने रविवार शाम ग्राम दभौरा मुस्तकम, परमानंदपुर में चहारदीवारी के भीतर पुराने खंडहर में छापेमारी के दौरान 53 घरेलू गैस सिलिंडर (सात भरे, 46 खाली) व 16 व्यावसायिक सिलिंडर (नौ भरे, सात खाली) की खेप पकड़ी जबकि यहां से 3.170 किलो गांजा व 100 लीटर कच्ची शराब भी मिली है। आरोपित जुबैद अली सिलिंडरों को लेकर स्पष्ट जवाब नहीं दे पाया। आरोपित को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।पूर्ति निरीक्षक तन्मय मैठाणी ने बताया कि सिलिंडरों को नेहा इंडेन गैस एजेंसी को सौंप दिया गया। आरोपित के विरुद्ध कोतवाली में प्राथमिकी दी जा रही है। एसडीएम अभय प्रताप सिंह और तहसीलदार पंकज चंदोला को मुखबिर से रविवार की दोपहर





सूचना मिली कि आईटीआई कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दभौरा मुस्तहकम परमानंदपुर में एक पुराने बंद पोल्ट्री फॉर्म में गैस सिलेंडर रखे हुए हैं। इन सिलेंडरों की जुबैर अली निवासी ग्राम घोसीपुरा पट्टीकला जिला रामपुर (यूपी) कालाबाजारी करता है। सूचना के आधार पर पुलिस-प्रशासन की टीम ने बताए गए पते पर छापा मारा। पूर्ति निरीक्षक तन्मय मैठाणी ने बताया कि सिलिंडरों को नेहा इंडेन गैस एजेंसी को सौंप दिया गया। आरोपित के विरुद्ध कोतवाली में प्राथमिकी दी जा रही है। इस दौरान टीम को मौके पर 3.17 किलो गांजा और सौ लीटर कच्ची शराब भी मिली। बरामद सिलेंडरों को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर तन्मय मैथानी की सुपुर्दगी में दिया गया। वहीं गांजा और कच्ची शराब को आईटीआई कोतवाली पुलिस ने कब्जे में लेकर आरोपी जुबैर अली को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। एसडीएम ने बताया कि जिलाधिकारी ने गैस की कालाबाजारी रोकने को सख्त निर्देश दिए हैं। कालाबाजारी रोकने के लिए प्रशासन ने गुप्त रूप से टीम भी गठित की है। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति गैस सिलेंडर की कालाबाजारी करते पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गैस सिलेंडर की कालाबाजारी में लिप्त जुबैर अली यूपी के जिला रामपुर के मसवासी क्षेत्र में कथित पत्रकार भी बताया जा रहा है। आरोपी ग्राम परामनंदपुर में बीड़ी-सिगरेट के खोखे की आड़ में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी व मादक पदार्थों का धंधा चलाता है। जांच में पता चला है कि आरोपी का दूसरा ठिकाना सुल्तानपुर पट्टी क्षेत्र में भी है जहां एक दुकान से भी वह गैस सिलेंडर की कालाबाजारी का धंधा चलाता है।

# सीएम विवेकाधीन कोष वितरण में हो रही गरीबों की उपेक्षा: कार्तिक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री विवेकाधीन राहत कोष जो आपदा, बीमारी और आकस्मिक संकट से जूझ रहे जरूरतमंदों के लिए अंतिम सहारा माना जाता है अब गहरे सवालों के घेरे में है। किसान मंच उत्तराखंड ने सूचना अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री की कर्मभूमि चंपावत और उधम सिंह नगर में ही इस कोष से बड़े पैमाने पर धनराशि का वितरण हुआ। जिसमें पारदर्शिता, पात्रता और निष्पक्षता को लेकर गंभीर शंकाएं पैदा होती हैं। संगठन ने इसकी स्वतंत्र जांच की मांग की है। एक प्रेस वार्ता में किसान मंच के प्रदेश अध्यक्ष किसान पुत्र कार्तिक उपाध्याय, संरक्षक पीयूष जोशी और प्रदेश प्रवक्ता कुसुम लता बौड़ाई ने संयुक्त रूप से कहा कि वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान केवल दो जिलों चंपावत और उधम सिंह नगर में ही कुल 6,65,37,000 रुपए की राशि वितरित की गई। इनमें चंपावत में 1,359 लाभार्थियों को 2,65,05,000 रुपए और उधम सिंह नगर में 2,142 लाभार्थियों को 4,00,32,000 रुपए दिए गए। क्या यह मात्र संयोग है या इसके पीछे चयन की प्रक्रिया में कोई पक्षपात है?कई मामलों में एक ही व्यक्ति को दो-दो और तीन-तीन बार तक सहायता दी गई, जबकि कई परिवारों के



अलग-अलग सदस्यों को बार-बार लाभान्वित किया गया। इसके विपरीत, वास्तविक गरीब और जरूरतमंद लोगों को मात्र 3,000 से 5,000 हजार रुपए तक देकर औपचारिकता पूरी किए जाने का आरोप लगाया गया। जिसे संगठन ने गरीबों के साथ मजाक और संवेदनहीन व्यवस्था बताया।इन मामलों की निष्पक्ष जांच जरूरी है। किसान मंच के अनुसार भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं को नियमों के विपरीत सहायता प्रदान की गई। संगठन ने बताया कि आरटीआई के माध्यम से पता चला कि एक अज्ञात व्यक्ति को 3,00,000 रुपए की सहायता दी गई, जबकि चंपावत में निवास करने वाले दो ऐसे व्यक्तियों, जिनके नाम के साथ जिलाधिकारी शब्द जुड़ा बताया गया, को क्रमशः 3,00,000 रुपए और 1,75,000 रुपए दिए गए। ऐसे व्यक्तियों को सहायता किस आधार पर स्वीकृत की गई। किसान मंच ने जब आरटीआई के तहत आवेदन पत्र, अस्पताल बिल, वाउचर और इलाज से जुड़े दस्तावेज मांगे गए, तो उन्हें "निजी जानकारी" बताकर देने से इनकार कर दिया गया। कार्तिक उपाध्याय ने कहा यह मामला सिर्फ आंकड़ों का नहीं है, यह उन गरीब परिवारों के दर्द का मामला है जिन्हें राहत मिलनी चाहिए थी लेकिन वे सिस्टम से बाहर रह गए। प्रदेश प्रवक्ता कुसुम लता बौड़ाई ने कहा जब एक गरीब इलाज के लिए भटकता है और उसे कुछ हजार रुपये देकर टरका दिया जाता है, वहीं दूसरी ओर लाखों रुपये प्रभावशाली लोगों को दिए जाते हैं। किसान मंच ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई, तो संगठन प्रदेश व्यापी आंदोलन शुरू करेगा और मामला प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री तथा न्यायपालिका तक ले जाया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान किसान मंच के उपाध्यक्ष कमल तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# लोकतंत्र सेनानी रामशिव तिवारी के निधन पर शोक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तरप्रदेश उत्तराखंड लोकतंत्र सेनानी संघ ने आपातकाल बंदी रामशिव तिवारी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस अवसर पर आयोजित शोक सभा में वक्ताओं ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए उनके द्वारा किए गए संघर्षों और जेल में झेली गई यातनाओं को याद किया। लोकतंत्र सेनानी एडवोकेट सुभाषचंद्र छाबड़ा ने कहा कि स्वर्गीय रामशिव तिवारी ने आपातकाल के दौरान बेहद कठिन और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए तानाशाही के विरुद्ध लंबी लड़ाई लड़ी। सुभाषचंद्र छाबड़ा ने बताया कि तिवारी लखीमपुर खीरी की जिला जेल में लंबे अरसे तक बंदी रहे, जहां उन्होंने अनेक अमानवीय यातनाओं का सामना किया, लेकिन वह सत्ता के आगे कभी झुके नहीं। उन्होंने



गोकर्ण प्रसाद बाजपेई, लल्लू राम, प्रेमचंद गुप्ता, बंसीधर पुरवार तथा वेदप्रकाश शारदा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर तानाशाही के खिलाफ अपना संघर्ष जारी रखा। वक्ताओं ने कहा कि देश में लोकतंत्र की पुनर्स्थापना के लिए उनके बलिदान और संघर्ष को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। शोक सभा में लोकतंत्र सेनानी कस्तूरीलाल तागरा ने कहा कि स्वर्गीय रामशिव तिवारी का लोकतंत्र की रक्षा के लिए दिया गया योगदान सदैव अमिट रहेगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगा। श्रद्धांजलि सभा में भारी संख्या में लोकतंत्र सेनानी और विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

# जर्जर मार्ग पर दुर्घटनाओं का खतरा

काशीपुर। पौराणिक शहर काशीपुर में कथित तौर पर हो रहा विकास धरातल पर दिखाई देने से पूर्व ही विनाश की शक्ल ले लेता है। अभी कुछ दिन पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन पर नगर के प्रमुख मार्गो को टेंपरेरी तौर पर दुरुस्त कराया गया था यही मार्ग एक बार फिर से गड्ढों में तब्दील हो गए हैं। हालत जर्जर होने के कारण गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। रामनगर रोड पर रामलीला ग्राउंड के सामने, चीमा चौराहे से लेकर राजकीय चिकित्सालय से स्टेडियम तिराहे तक एक बार फिर से प्रमुख मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे उभर आए हैं। जर्जर मार्ग पर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। मजे की बात यह है कि शहर के बीच से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग से पूरे अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का आवागमन बना रहता है इसके बावजूद खस्ताहाल रास्ते के सुधार के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहे हैं।नवनिर्मित रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) की हालत भी बहुत अच्छी नहीं है। भारी वाहनों का इस पर से गुजरना बड़े खतरे का संकेत माना जा सकता है। रेलवे ओवरब्रिज पर महाराणा प्रताप चौक के ठीक ऊपर सीमेंट से तैयार त्रिभुजाकार संकेत टूटकर मालवे में तब्दील हो चुका है। फ्लाईओवर में जगह-जगह लगे लोहे की प्लेट्स (एक्सपेंशन जॉइंट्स) उखड़कर वाहनों के गुजरने पर बड़े खतरे का संकेत दे रहे हैं। यहां बता दें कि रेलवे ओवरब्रिज पर अब तक कई गंभीर दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी हैं।





# खटीमा में आठ अप्रैल को भाजपा संगठन की कार्यशाला में सीएम धामी करेंगे शिरकत

खटीमा। भारतीय जनता पार्टी संगठन की प्रस्तावित कार्यशाला को लेकर खटीमा में तैयारियां तेज हो गई हैं। आगामी 8 अप्रैल को आयोजित होने वाली इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यशाला की तैयारियों को लेकर रविवार को ब्लॉक परिसर में भाजपा संगठन की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई और व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।जिला उपाध्यक्ष अमित पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 अप्रैल को शाम 4 बजे आयोजित होने वाली इस संगठनात्मक कार्यशाला में मुख्यमंत्री धामी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देंगे। यह कार्यशाला विधानसभा स्तर की होगी, जिसमें संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।बैठक में यह भी तय किया गया कि आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यशाला के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों और योजनाओं से अवगत कराया जाएगा, जिससे जमीनी स्तर पर संगठन को और मजबूत किया जा सके।बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र राणा, नंदन सिंह खड़ायत, जिला सहप्रभारी हिमांशु बिष्ट, जिला महामंत्री रमेश जोशी, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, सतीश गोयल, सतीश भट्ट, भुवन भट्ट, विवेकी रस्तोगी, नवीन भट्ट, संतोष जोशी, नीता सक्सेना, विमला मुंडला, भागीरथी खालिया, हेमा जोशी, रेनू भंडारी, प्रमोद गड़कोटी, रोहित जोशी, गंगा चौहान सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा की इस कार्यशाला को आगामी चुनावी तैयारियों के लिहाज से अहम माना जा रहा है, जिसमें संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।



# गैस किल्लत पर मीना शर्मा ने जताई नाराजगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा राजीव नगर और खेड़ा पहुंची जहां उन्होंने रसोई गैस की किल्लत से जूझ रहे लोगों से मुलाकात की। इस दौरान पीड़ित लोगों ने मीना शर्मा को शिकायत की कि लंबे समय से उन्हें रसोई गैस नहीं मिल रही है जिससे उन्हें बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि गैस बुकिंग कराने के काफी समय बाद भी उन्हें सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर ही पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा ने इंडेन गैस सर्विस के प्रबंधक से दूरभाष पर बात की और जनहित में समस्या का तत्काल समाधान करने का अनुरोध किया। मीना शर्मा ने गैस एजेंसी प्रबंधन को चेतावनी भी दी कि यदि व्यवस्था में तत्काल सुधार नहीं किया गया और पीड़ितों को 24 घंटे के अंदर गैस सिलेंडर नहीं दिए गए तो वह कार्यकर्ताओं के साथ एजेंसी में तालाबंदी करेंगी।



# आर्य समाज मंदिर में किया यज्ञ का आयोजन

काशीपुर। मोहल्ला लाहौरियान स्थित श्री आर्य समाज मंदिर में साप्ताहिक यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तराखंड के निदेशानुसार विश्व शांति हेतु यज्ञ में आहुति दी गई। दुनिया भर में अमन, शांति, एवं सौहार्द बना रहे इस हेतु आर्य समाज के सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा अग्नि देव को आहुति अर्पण कर प्रार्थना की गई।इस अवसर पर मयंक गुप्ता, शिवचरण बिश्नोई, प्रेम प्रकाश गुप्ता, संजय अग्रवाल, अजय अग्रवाल, विजय कुमार शर्मा, अंबरीश गर्ग सुरेश चंद तिवारी एवं विनोद मेहरोत्रा आदि लोग उपस्थित रहे।



# निरीक्षण कर बुक सेलर्स की दुकानों में जांची व्यवस्थाएं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिला मजिस्ट्रेट के निर्देशों के क्रम में रविवार को नगर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न बुक सेलर्स की जांच हेतु तीन टीम गठित की गई। जिसमें नगर मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार के नेतृत्व में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ राज्य कर विभाग के अधिकारी भी सम्मिलित रहे। नगर मजिस्ट्रेट की टीम द्वारा वर्धमान बुक डिपो कालाढूंगी रोड, पूरणमल एंड संस बुक डिपो कालाढूंगी रोड एवं करियर जोन कालाढूंगी रोड का निरीक्षण किया गया। उपजिलाधिकारी द्वारा पूरनमल एंड संस मंगल पड़ाव, दीक्षा बुक डिपो, टुडे बुक डिपो, पी कुमार, तथा तहसीलदार की टीम द्वारा कंसल बुक डिपो, प्रीत बुक डिपो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित अभिभावकों से भी फीडबैक लिया गया। कुछ अभिभावकों द्वारा कुछ विद्यालयों द्वारा दुकान विशेष की स्लिप देने का तथ्य संज्ञान में लाया गया। जिसके क्रम में सम्बंधित विद्यालय के विरुद्ध नोटिस जारी करने की कार्यवाही के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। टीमों के द्वारा सभी बुक सेलर से विभिन्न विद्यालयों में प्रचलित पुस्तकों की सूची एवं रेट लिस्ट भी प्राप्त की गई, जिनके प्रथमदृष्टया अवलोकन से यह तथ्य संज्ञान में आया कि कुछ विद्यालयों द्वारा प्ले ग्रुप, प्री नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी की कक्षाओं का भी संचालन किया जा रहा है। इसके दृष्टिगत शिक्षा विभाग के अधिकारियों को ऐसे विद्यालयों की मान्यता एवं पंजीकरण की जांच की निर्देश दिए गए। बुक सेलर्स से प्राप्त विद्यालयों में प्रचलित पुस्तकों की सूची एवं रेट लिस्ट की जांच की गई। जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया है कि कतिपय विद्यालयों द्वारा ऐसे विषय जिनकी पुस्तकें एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित नहीं की जाती है ऐसी पुस्तक अपने विद्यालय में प्रचलित की गई हैं। जिनके औचित्य की जांच के लिए शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया है। इसके अलावा ऐसी अतिरिक्त पुस्तकों के मूल्य की जांच करने पर यह पाया गया कि ऐसी अन्य पुस्तकों का मूल्य एनसीईआरटी की पुस्तकों के तुलना में अधिक नियत किया गया है, जिसे एनसीईआरटी की पुस्तकों के समतुल्य नहीं माना जा सकता है। इसके दृष्टिगत संबंधित विद्यालय के विरुद्ध नोटिस जारी करने हेतु भी शिक्षा विभाग को रिपोर्ट प्रेषित करने का निर्णय लिया गया है। उत्तराखंड विद्यलायी शिक्षा के द्वारा अधिकृत एनसीईआरटी की पुस्तकों के रेंडम सैंपल भी दुकानों से हर टीम द्वारा एकत्र किए गए। जिनके आईएसबीएन नंबर के साथ अन्य विवरण जांच एवं सत्यापन के लिए मुख्य शिक्षा अधिकारी को भेजा जा रहा है। निरीक्षण के दौरान बुक सेलर्स के बिलों की भी जांच की गई, विस्तृत परीक्षण एवं कार्रवाई के लिए राज्य कर विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सभी बुक सेलर्स को अपने ग्राहकों के लिए पीने के पानी, वेटिंग चेयर्स, शेड आदि की व्यवस्था के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा पूर्व में निर्गत सर्कुलर जिसके द्वारा गणवेश तथा पुस्तकों के लिए 20 अप्रैल 2026 तक अनिवार्यता से छूट प्रदान करने तथा पठन-पाठन को बाधित न करने के निर्देश दिए गए हैं, को भी सभी दुकानों पर चस्पा कराया गया। निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी गीतिका जोशी, सहायक आयुक्त अश्वनी सिंह,गौतम भंडारी, कुंदन पांगती, प्रधानाचार्य आशीष शर्मा राजेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।



# कीरतपुर में ग्रामीणों ने किया ठुकराल का जोरदार स्वागत

दिनेशपुर। कांग्रेस में शामिल होने के बाद पहली बार ग्राम सभा कीरतपुर कोलड़ा पहुंचे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल का कार्यकर्ताओं ने अभूतपूर्व स्वागत किया। कुरैया की जिला पंचायत सदस्य सुनीता सिंह एवं बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव सर्वेश सिंह के आवास पर आयोजित स्वागत समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं ने राजकुमार ठुकराल का फूल-मालाओं ओर नारेबाजी के साथ जोरदार अभिनंदन किया। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए राजकुमार ठुकराल ने अपने राजनैतिक भविष्य और कांग्रेस की विचारधारा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की जनहितकारी नीतियों और आम आदमी के प्रति उसके समर्पण को देखते हुए ही उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में कांग्रेस ही वह विकल्प है जो समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चल सकती है। राजकुमार ठुकराल ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि उनके जीवन का एकमात्र उद्देश्य क्षेत्र की जनता की सेवा करना और विकास की मुख्यधारा से वंचित लोगों को उनका हक दिलाना है। उन्होंने कहा कि राजनीति उनके लिए माध्यम है जिससे वह जन-जन की समस्याओं का समाधान कर सकें और कांग्रेस के झंडे तले वह इस लक्ष्य को और अधिक मजबूती से प्राप्त करेंगे। ठुकराल ने अपने संबोधन में विश्वास दिलाया कि कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान में कभी कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और वह दिन-रात जनता के बीच रहकर उनकी आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करें ताकि आगामी समय में क्षेत्र में एक नई विकास क्रांति की शुरुआत की जा सके। इस दौरान ग्रामीणों ने ठुकराल को आगामी चुनाव में भरपूर समर्थन देने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर सर्वेश सिंह पूर्व बार एसोसिएशन सचिव, सुनीता सिंह सदस्य जिला पंचायत, गोपाल सिंह, मलखान सिंह, राघव सिंह पूर्व प्रधान, रमेश सिंह, अंग्रेज सिंह, अवतार सिंह, वीरेंद्र पाल, अंकुर चौधरी, गौरव गिरी पार्षद, एडवोकेट इंद्रजीत सिंह बिट्टा, पारस नाथ, निशांत सिंह, दासानी सिंह, वशिष्ठ, अवध धामा, संजय चौहान, बलराम सिंह, जयप्रकाश, रामप्रवेश पांडे, गुल मोहम्मद पूर्व प्रधान, एसएन वर्मा, विजय दास, प्रदीप यादव, अली मलिक, ललित यादव, एडवोकेट मनीष सिंह, शत्रुघ्न सिंह, राजेश पांडे, अजय मेहता, शारदानंद, गीता दत्त ध्यानी, सतीश चंद्र, राजेश मेहता, चंदन विशिष्ट, अजय मेहता, हरीश बिष्ट, सतवीर सिंह, पापिंदर सिंह, रिशु पलाया, विपिन सैनी, सनी धवन, अनिल लोहनी, रामप्रवेश पांडे, रामकुमार यादव, अनुज सैनी, भानु सिंह, आशीष जायसवाल, विनय शारदा, विजय शर्मा, सुरेंद्र सिंह, सलीम, दिल रंजन, तेजपाल राणा, महेश सिंह चौहान, चंदन बिष्ट, नंदकिशोर पांडे, शैलेश यादव, सुशील, सुरेंद्र डिब्बा, चेतन मांगत, अमृत चीमा, मधुर चौहान, देवांशु त्रिपाठी, हर्षित चौहान, हरेंद्र विर्क, आकाश, बी एस खाती, कौशल किशोर, वीरेंद्र पाल, हरीश बिष्ट, मलखान, वीरेंद्र सिंह, कृष्णा, शैलेंद्र सिंह, धीरेंद्र सिंह, दीनदयाल सिंह, संजय ठुकराल, मनीष चुग, अजय नारायण सिंह, केरू मंडल, रुद्रा सिंह, सुदीप सिंह और राजीव गुप्ता शामिल रहे।



# बाली सुग्रीव युद्ध की लीला देख कर दर्शक हुए रोमांचित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसआरआई संस्था द्वारा शीशमहल काठगोदाम में चल रही महिला रामलीला मंचन के सातवें दिन रविवार को शबरी के जूठे बेर खिलाने, बाली व सुग्रीव के बीच हुए भयंकर युद्ध का भावनात्मक भव्य मंचन किया गया। इस दौरान लीला देखने दर्शकों का जनसैलाब उमड़ा। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुमित हृदयेश ने दीप प्रज्वलित किया। भारत विकास परिषद काठगोदाम शाखा के सदस्य एवं राजेश अग्रवाल अध्यक्ष, डॉ विनय खुल्लर, दीपक माहेश्वरी, अनुज माहेश्वरी, नीरज शारदा, गोपाल पाल, हितेंद्र उप्रेती, आलोक सक्सेना दीपक बिष्ट, शोभित बंसल, राहुल वार्ष्णेय, डॉ भारत भूषण आदि भी सम्मिलित रहे। सभी ने मिलकर महिला रामलीला को आशीर्वाद दिया। रामलीला मंचन के दौरान डायरेक्टर मुकेश कुमार जोशी के निर्देशन में सुग्रीव व बाली के बीच हुए युद्ध का दृश्य न केवल दर्शकों के लिए अत्यंत रोमांचकारी रहा, बल्कि इसमें छिपे नैतिक और आध्यात्मिक संदेशों ने भी सभी को प्रभावित किया। रामलीला का शुभारम्भ सबरी द्वारा श्री राम को जूठे बेर खिलाने से हुआ। तत्पश्चात हनुमान राम मिलन व सुग्रीव से मित्रता के बाद वानरराज सुग्रीव की व्यथा से हुई, जिसमें उन्होंने प्रभु श्रीराम को बताया कि उनके बड़े भाई बाली ने अन्यायपूर्वक उन्हें राज्य से निष्कासित कर दिया है और उनकी पत्नी को भी उनसे अलग कर दिया है। इस पर श्रीराम ने सुग्रीव को न्याय दिलाने का वचन दिया। तत्पश्चात युद्ध की तैयारी और फिर बाली सुग्रीव



के बीच भयंकर युद्ध का दृश्य प्रस्तुत किया गया। मंच पर उभरे दृश्य अत्यंत जीवंत और यथार्थ प्रतीत हो रहे थे। बाली की भूमिका निभा रहे कलाकार ने अपने अद्भुत अभिनय कौशल से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। जैसे ही श्रीराम छिपकर बाली पर बाण चलाते हैं, पूरा पंडाल 'जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। मंचन के दौरान क्षेत्र से दर्शक अपने वाहनों द्वारा बड़ी संख्या में रामलीला का मंचन देखने के लिए आये। इन दृश्यों ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। कलाकारों के अभिनय, संवाद और मंच सज्जा ने वातावरण को जीवंत बना दिया। दर्शकों ने तालियों और जयकारों से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। राम की भूमिका में मानसी रावत, लक्ष्मण अंशिका जीना, शबरी गीता उप्रेती, हनुमान तनुजा जोशी, सुग्रीव नीलम लोहनी, बाली कमला जीना, तारा एवं संपाती जया तिवारी स्वयंप्रभा कामिनी थी।रामलीला की आयोजक तनुजा जोशी ने बताया कि आने वाले दिनों में भी महत्वपूर्ण प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखना तथा नई पीढ़ी को रामायण के आदर्शों से जोड़ना है। इस दौरान प्रबंधक गिरीश चन्द्र तिवारी, मनोज कुमार तिवारी, दिनेश फुलारा, पुष्पा संभल, संगीत निर्देशक मोहन चन्द्र जोशी, महामंत्री कौशलेंद्र भट्ट, कामिनी पाल, इशिका शर्मा, योगिता बनोला, योगेन्द्र साहू, राधा मिश्रा, सुरेंद्र रौतेला, योगेश भोज, हर्षवर्धन जोशी, मनोज गुणवंत, विकास राठौर, अजय कुमार, केशव दत्त जोशी, समीर शुक्ला, तारा चन्द्र उप्रेती, गौरव जोशी, मकरंद प्रताप सिंह, एनडी तिवारी, मोहन चन्द्र बलुटिया, मोहन अधिकारी, नारायण दत्त सनवाल सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।




# अखंड नाम कीर्तन में शामिल हुए विधायक शिव अरोरा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आनंदखेड़ा में आयोजित भव्य अखंड नाम कीर्तन में क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने शिरकत की। विधायक ने राधा-गोविंद के चरणों में नमन कर समस्त क्षेत्रवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय भजनों और कीर्तन से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विधायक शिव अरोरा ने कहा कि अखंड नाम कीर्तन का श्रवण करने मात्र से आत्मिक सुख और मन को असीम शांति की अनुभूति होती है। उन्होंने बंगाली समाज की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत की सराहना करते हुए कहा बंगाली समाज



में अखंड नाम कीर्तन एक अत्यंत पवित्र पर्व के रूप में मनाया जाता है। इसमें सभी लोग सपरिवार श्रद्धा भाव से शामिल होकर कृष्ण भक्ति में लीन नजर आते हैं। निश्चित रूप से रुद्रपुर और आसपास के क्षेत्रों में इसकी बड़ी मान्यता है और यह ईश्वर से जुड़ने का एक सार्थक माध्यम है। विधायक शिव अरोरा ने आनंदखेड़ा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि उनके प्रयासों से यहाँ भंडारा और कीर्तन के आयोजन हेतु एक भव्य सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया है। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में सड़क निर्माण और मंदिरों के सौंदर्यीकरण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया गया है, ताकि धार्मिक स्थल आकर्षक और दिव्य नजर आएं। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान विधायक के साथ मंडल अध्यक्ष सुदर्शन विश्वास, ग्राम प्रधान राजकुमार चौधरी, सांसद प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर, लक्ष्मण समदार, मन्नू चौधरी, दयाल सिकदार, मनोज मिस्त्री, नरेश तपाली, मनोज कुमार, प्रतिश बाला और इंद्रपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में विधायक ने भक्तों के साथ बैठकर प्रसाद भी ग्रहण किया।

# कैबिनेट मंत्री कैड़ा ने गांवों का दौरा कर सुनी समस्याएं

भीमताल(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के शहरी विकास और जलागम मंत्री राम सिंह कैड़ा मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद आज अपनी विधानसभा क्षेत्र के धारी ब्लॉक के विभिन्न गांवों में पहुंचे। यहां पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनता ने उनका जोरदार स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने कहा कि राज्य के विकास के लिए वह पूरी ताकत से काम करेंगे और विकास कार्यों को तेज करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। धारी ब्लॉक के धानाचुली, मानाघेर, तल्ली दिनी, चौरलेख, पहाड़पानी, धानारौली और जलना नीलपहाडी आदि गांवों के आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व स्थानीय जनता द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। इस दौरान मंत्री कैड़ा ने क्षेत्र की जनता की समस्याओं को विस्तार से सुना। मंत्री कैड़ा ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आज हुई ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान पहुंचा है। ओलावृष्टि के कारण किसानों के आड़ू, सेब, पुलम, नाशपाती



और मटर की फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल नुकसान का आकलन करने और बीमा कंपनियों के माध्यम से किसानों को उचित मुआवजा दिलाने को कहा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने अपनी नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने भीमताल विधानसभा के समस्त मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया जिनकी बदौलत दोबारा विधानसभा में निर्वाचित होकर आज उन्हें प्रदेश मंत्रिमंडल में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा उन पर जताए गए विश्वास पर वह खरा उतरने का भरसक प्रयास करेंगे। उन्होंने संकल्प दोहराया कि मोदी सरकार और धामी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में उत्तराखंड राज्य में लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी। कैड़ा ने कहा कि क्षेत्र की हर समस्या का समाधान सुनिश्चित करने की दिशा मेंप्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाएगा।

# गवर्नमेंट पेंशनर्स की बैठक में उठीं स्वास्थ्य सुविधाओं और भुगतान संबंधी समस्याएं

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नैनीताल एवं उधमसिंहनगर जनपद के पेंशनर्स सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसायटी उत्तराखण्ड के सदस्यों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं और मांगों को रखा।बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एलएम उप्रेती ने व संचालन प्रदेश महासचिव पीसी शर्मा ने किया। इस दौरान एसके नैय्यर, डॉ. आर्थतोष पंत, जेएन चौधरी और एलडी पाण्डे ने अपने विचार रखते हुए पेंशनर्स से जुड़ी जमीनी समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।बैठक में उपस्थित प्रमुख सदस्यों में धीरेन्द्र बनकोटी, डॉ. हरिमोहन आर्य, जेएस पांगती, उमेश चन्द्र पाठक, अतुल जोशी, गोविन्द मेहता, श्रीकृष्ण मित्तल, फकीर सिंह, केसी पंत, विश्वनाथ शर्मा, कल्याण सिंहपरिहार, एलसी तिवारी, आनन्द सिंह बिष्ट, एडवोकेट शंकर चक्रवर्ती, नारायण महाजन, मालती चन्द्रायंत, बीना परगाई प्रदेश उपाध्यक्ष, चन्द्र प्रभा बिष्ट, गायत्री शर्मा, विमला शर्मा, विमला भण्डारी और पुष्पा भण्डारी ने सहभागिता निभाई।बैठक में पेंशनर्स की प्रमुख समस्याओं गोल्डन कार्ड में ओपीडी सुविधा लागू करने, सभी पेंशनर्स को निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराने, चिकित्सा बिलों का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने तथा वर्तमान डी.डी.ओ. प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाने की मांग की। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि यदि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संगठन प्रदेश स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होगा।

# अटरिया-लालपुर मार्ग निर्माण शुरू, बेहड़ ने गिनाए विकास कार्य


किच्छा( उद संवाददाता)। ग्राम नजीबाबाद स्थित धौराडाम की प्रधान लाइन में विधायक तिलक राज बेहड के प्रयासों से सड़क निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस परियोजना के तहत 700 मीटर लंबी सड़क का निर्माण 41.19 लाख रूपये की लागत से किया जाएगा। सड़क निर्माण की इस बड़ी स्वीकृति मिलने पर प्रधान लाइन में क्षेत्रवासियों द्वारा विधायक का भव्य और उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। इसके साथ ही विधायक निधि, जिला योजना और जिला पंचायत के माध्यम से ग्राम नजीबाबाद के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर नवनिर्मित सड़कों का लोकार्पण और उद्घाटन भी संपन्न हुआ। इसमें माता फार्म क्षेत्र में दो सड़कों का निर्माण विधायक निधि से 5.48 लाख रूपये, चीमा लाइन में लगभग 200 मीटर सड़क जिला योजना से 15 लाख रूपये, प्रधान लाइन क्षेत्र में विभिन्न सड़कों का निर्माण जिला पंचायत से 9 लाख रूपये और अमर सिंह लाइन में जंगलात वाली सड़क विधायक निधि से 2.5 लाख रूपये की लागत से तैयार की गई है। कुल लोकार्पण कार्यों की लागत 32.48 लाख रूपये रही।इस अवसर पर विधायक तिलक राज बेहड ने कहा कि उनका लक्ष्य क्षेत्र के हर गांव और हर गली तक विकास पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जहां जरूरत होगी वहां सड़क, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बेहड ने कहा कि जब कांग्रेस की सरकार आएगी तो असली विकास सबके लिए होगा। उन्होंने वर्तमान स्थिति पर प्रहार करते हुए कहा कि आज आम जनता को सिलेंडर जैसी मूलभूत चीजें भी नहीं मिल पा रही हैं और सरकार चुप्पी साधे हुए है जबकि आम जनता अपने अधिकारों के लिए प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आते ही भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई कराई जाएगी।कार्यक्रम का समापन बेहद भव्य तरीके से हुआ जिसकी शुरुआत ग्राम बखपुर से हुई जहां से विधायक का काफिला पूरे उत्साह के साथ आगे बढ़ा। रास्ते भर फूल मालाओं, ढोल नगाड़ों और जयकारों के बीच जनसैलाब उमड़ा जिससे हर गली स्वागत द्वार में तब्दील नजर आई। माताफार्म, प्रधान लाइन, पावर लाइन और धौराडाम क्षेत्रों में भी विधायक का जोरदार स्वागत हुआ। ग्रामवासियों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निरंतर प्रयासों से क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। इस दौरान भारी संख्या में पुरुष, महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला पंचायत सदस्य प्रेम आर्य, पूर्व प्रधान गुलशन सिंधी, अरुण कुमार शुक्ला, राजेश प्रताप सिंह, मेजर सिंह, अशोक, ग्राम प्रधान रोशनी देवी, राम प्रधान, राहुल, रीना ग्राम प्रधान, सुरजीत सिंह, भजन सिंह, लखविंदर सिंह, राजपाल सिंह, सुखविंदर सिंह, बलदेव सिंह, बलवंत सिंह, सुंदर सिंह, सोनी वर्क, बलबीर सिंह, आफाक खान, विशन कोरंगा, राजेंद्र शर्मा, अर्जुन यादव, अनिल यादव, जियाउद्दीन खान, विक्रम कोरंगा, विक्रम मेहता, डिंपल सिंह, रघुनाथ सिंह और योगी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।





## अटरिया मार्ग को लेकर सियासत गरम, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने बेहड़ पर साधा निशाना

रूद्रपुर। अटरिया मार्ग निर्माण को लेकर क्षेत्र की राजनीति तेज हो गई है। किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने विधायक तिलक राज बेहड़ पर सड़क निर्माण कार्य का "झूठा श्रेय लेने" का आरोप लगाते हुए इसे राजनीतिक बेईमानी करार दिया है। प्रेस को जारी बयान में शुक्ला ने कहा कि अटरिया मार्ग निर्माण को लेकर जनता के बीच भ्रम फैलाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक द्वारा अपना प्रायोजित स्वागत कराना और विकास कार्यों का श्रेय लेना राजनीतिक स्वार्थ को दर्शाता है, जबकि पूरा क्षेत्र वास्तविकता से भलीभांति परिचित है। शुक्ला ने दावा किया कि 13 अक्टूबर 2024 को किच्छा के इंदिरा गांधी खेल मैदान में आयोजित जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनके अनुरोध पर अटरिया मार्ग के निर्माण की घोषणा की थी। इसके बाद शासनादेश जारी हुआ और निर्माण का रास्ता साफ हुआ। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के लिए करीब 22 करोड़ रुपये की स्वीकृति भी मिली थी, जिस पर क्षेत्र की जनता ने मुख्यमंत्री का आभार जताया था। पूर्व विधायक ने यह भी कहा कि जल जीवन मिशन और अन्य योजनाओं के तहत सड़कों को क्षतिग्रस्त करने के बाद उनके पुनर्निर्माण का कार्य उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी और स्थानीय निकायों द्वारा कराया जा रहा है, जिस पर लगभग 498 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। शुक्ला ने आरोप लगाया कि विधायक बेहड़ लगातार झूठा श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं और विरोधियों के खिलाफ दुष्प्रचार करना उनकी आदत बन चुकी है। उन्होंने कहा कि जो लोग पहले क्षेत्र की अनदेखी करते रहे, वे अब विकास के नाम पर राजनीति कर रहे हैं और किच्छा के हितों की अनदेखी कर रहे हैं। अटरिया मार्ग निर्माण को लेकर श्रेय की इस राजनीतिक खींचतान ने क्षेत्र की सियासत को गर्मा दिया है, वहीं जनता विकास कार्यों के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण पूरा होने की उम्मीद लगाए बैठी है।



## डीके रेड इलेवन ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। डीके क्रिकेट अकादमी पीली कोठी के मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता के 40-40 ओवर के हुए फाइनल मैच में डी के रेड इलेवन के कप्तान गर्भित कंडल की टीम दो विकेट से जीती। डीके ब्लू टीम के कप्तान कल्पेश पंत की टीम ने सभी विकेट खोकर 208 रन बनाए। जबकि विजेता टीम ने 212 रन बनाकर मैच दो विकेट से मैच जीत लिया। मुख्य अतिथि व्यापारी नेता एवं लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी के अध्यक्ष डॉ प्रमोद अग्रवाल गोल्डी




ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार बांटे। बेस्ट बॉलर का खिताब अंश जोशी को, बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार कल्पेश पंत को व बेस्ट फील्डर का किताब गर्वित कांडपाल को पुरस्कार डॉक्टर प्रमोद अग्रवाल गोल्डी द्वारा प्रदान किया गया। टूर्नामेंट में मैन ऑफ द मैच का खिताब ऋतिक नायक को दिया गया। इस अवसर पर डीके खेल और क्रिकेट अकादमी के डीके कन्याल, विशाल गणेश, अक्षत अग्रवाल, संविका अग्रवाल सहित सैकड़ो की संख्या में खेल प्रेमी एवं खिलाड़ियों के अभिभावक मौजूद थे। डॉ. गोल्डी ने कहा वर्तमान में इस क्रिकेट अकादमी के बच्चे भविष्य में उत्तराखंड और भारत का नाम रोशन करेंगे।

## संस्कार भारती की कार्यकारिणी गठित, चौधरी हरबीर सिंह अध्यक्ष

### सिटी क्लब में आयोजित बैठक में संगठन की मजबूती और सांस्कृतिक उत्थान का लिया गया संकल्प

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संस्कार भारती रुद्रपुर इकाई की एक महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक सिटी क्लब में संपन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संस्कार भारती के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. गिरीश चंद्र शर्मा और विमल मेहरा द्वारा की गई। इस दौरान संगठन के विस्तार, आगामी वार्षिक कार्यक्रमों और क्षेत्र की सांस्कृतिक गतिविधियों को गति देने के संबंध में उपस्थित पदाधिकारियों और सदस्यों के बीच विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के मुख्य एजेंडे के तहत पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई टीम का चयन किया गया, जिसमें अनुभवी और उत्साही सदस्यों को विभिन्न दायित्वों की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवीन कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए चौधरी हरबीर सिंह को अध्यक्ष चुना गया, जबकि एडवोकेट नरेंद्र बंसल को सचिव और दीपक कटारिया को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। मीडिया प्रबंधन की कमान एडवोकेट मनीष मित्तल को सौंपी गई है। संगठन को मजबूती देने के लिए उपाध्यक्ष के रूप में मनीष खनिजो,



संदीप राव, प्रमोद यादव, शालिनी गोयल और रवि अग्रवाल का चयन किया गया। इसके अतिरिक्त उपसचिव पद पर उमा पांडे और सह कोषाध्यक्ष के रूप में विजय कक्कड़ को नियुक्त किया गया। विधाओं के कार्यों को सुचारू रूप से चलाने हेतु सर्व विधा प्रमुख की जिम्मेदारी शैली बंसल एवं मनीष खनिजो को संयुक्त रूप से दी गई। विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं के लिए संयोजकों की भी घोषणा की गई, जिसमें नृत्य विधा की जिम्मेदारी दीप्ति, रंगोली के लिए रेणु जुनेजा, मार्शल आर्ट के लिए अंशुल टंडन और संगीत के लिए सुजीता नारंग को दायित्व दिया गया। महिला संरक्षक मंडल में सुषमा अग्रवाल, अलका विष्णनोही और डॉ. दीपा जोशी को शामिल किया गया है। वहीं संरक्षक मंडल में पवन अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, राम मौर्य, अशोक मित्तल, तारा चंद अग्रवाल, राजेश शामपुरिया, अरुण अग्रवाल, राजकुमार बिंदल, राजकुमार फुटेला, विनोद फोगाट और कुशल अग्रवाल को स्थान दिया गया है। नवनियुक्त अध्यक्ष चौधरी हरबीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कार भारती द्वारा आयोजित किए जाने वाले सभी सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों को भविष्य में और अधिक भव्य रूप से संपन्न कराया जाएगा। उनका प्राथमिक लक्ष्य संगठन से अधिक से अधिक युवाओं और नए सदस्यों को जोड़ना है। संरक्षक कैलाश अग्रवाल ने नवनियुक्त टीम को बधाई देते हुए कहा कि हरबीर चौधरी के कुशल नेतृत्व में संस्था नई ऊंचाइयों को छुएगी और सांस्कृतिक क्षेत्र में अपनी एक विशेष पहचान स्थापित करेगी। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी का गर्मजोशी से स्वागत किया और संगठन को सशक्त बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर एडवोकेट प्रमोद मित्तल,मदन गांधी, राधेश्याम अग्रवाल, विजय अग्रवाल, डॉ. देवेंद्र सिंह, वैभव मित्तल, अन्नू जुनेजा, मनोज वर्मा, कविता वर्मा, रजनी रावत, चौधरी सुधीर डागर, मनोज तोमर, सुनील शुक्ला, अंकित शर्मा, गुलाब सिरोही, ऊषा शर्मा और रेणु जुनेजा सहित भारी संख्या में सदस्य मौजूद रहे। बैठक का समापन राष्ट्र के प्रति समर्पण और सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजने के संकल्प के साथ हुआ।

# अंतर्जनपदीय सीनियर पुरुष क्रिकेट लीग का आगाज

### अजय तिवारी ने किया शुभारम्भ, उद्घाटन मैच में ऊधम सिंह नगर ने उत्तरकाशी को 69 रनों से दी शिकस्त, कप्तान अवनीश ने जड़ा शानदार शतक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वावधान में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर द्वारा आयोजित सीनियर पुरुष वर्ग की अंतर्जनपदीय क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हो गया है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच ऊधम सिंह नगर और उत्तरकाशी के मध्य खेला गया जिसमें मेजबान टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। मैच का शुभारंभ क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष अजय तिवारी ने फीता काटकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने की शुभकामनाएं दीं। एमिनिटी स्पोर्ट्स ग्राउंड पर खेले गए इस मुकाबले में ऊधम सिंह नगर के कप्तान और रणजी खिलाड़ी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। ऊधम सिंह नगर की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 8 विकेट खोकर 329 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से कप्तान अवनीश सुधा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 125 गेंदों पर 13 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 144 रनों की शतकीय पारी खेली। इसके अलावा आईपीएल व रणजी खिलाड़ी युवराज चौधरी ने 53 और मयंक मुडिला ने 76 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। उत्तरकाशी की ओर से गेंदबाजी करते हुए एस सियाल और सर्वनाम गौतम ने 3-3 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तरकाशी की टीम कड़े संघर्ष के बावजूद 260 रनों पर ऑल आउट हो गई। उत्तरकाशी की तरफ से कुणाल वीर ने 81, हर्ष कुमार ने 48 और सचिन चौहान ने 44 रन बनाए। ऊधम सिंह नगर के गेंदबाजों में कविता मिश्रा और आर्यन चौधरी ने 2-2 विकेट लिए जबकि विनय और शशांक पंत को एक-एक सफलता मिली। इस जीत के साथ ऊधम सिंह नगर ने उत्तरकाशी को 69 रनों से हराकर प्रतियोगिता में दो अंक अर्जित कर लिए हैं। शानदार शतकीय पारी के लिए ऊधम सिंह नगर के कप्तान अवनीश सुधा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच में अंपायरिंग की भूमिका मनोज टकवाल और सत्येंद्र मिश्रा ने निभाई जबकि ऑनलाइन स्कोरिंग दिशा द्वारा की गई। इस अवसर पर क्रिकेट एसोसि एशन ऑफ उत्तराखंड के उप सचिव नूर आलम, राजदीप चौहान, गौरव तिवारी, आफताब आलम और इंद्र नीलकर उपस्थित रहे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## गैस की कालाबाजारी

पश्चिम एशिया (वेस्ट एशिया) में जारी युद्ध और तनावपूर्ण स्थितियों के बीच भारत सरकार ने देश की ऊर्जा सुरक्षा और नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए बड़े कदम उठाए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस का पर्याप्त भंडार है और आपूर्ति पूरी तरह निर्बाध है। सरकार ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के लिए केवल डिजिटल माध्यमों का उपयोग करें और बिना जरूरत वितरकों (डिस्ट्रीब्यूटर्स) के पास न जाएं। गैस की चोरी और डायवर्जन रोकने के लिए डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोडआधारित डिलीवरी को अनिवार्य स्तर पर लाया गया है। फरवरी 2026 में जो आंकड़ा 53% था, वह कल बढ़कर 90% तक पहुंच गया है। प्रवासी मजदूरों और छोटे उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए 5 किलो के सिलेंडर की बिक्री तेज कर दी गई है। इसके लिए किसी पते के प्रमाण की आवश्यकता नहीं है। कल रिकॉर्ड 90,000 से अधिक ऐसे सिलेंडर बेचे गए। पेट्रोलियम मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि कोई भी प्रवासी मजदूर या नागरिक बिना किसी पते के प्रमाण के, केवल एक वैध सरकारी पहचान पत्र दिखाकर नजदीकी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर से पांच किलो का सिलेंडर प्राप्त कर सकता हैमंत्रालय ने राज्यों के साथ मिलकर जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ बड़ा अभियान छेड़ा है। मार्च से अब तक 50,000 से ज्यादा सिलेंडर जब्त किए जा चुके हैं। तेल कंपनियों ने 1,400 से अधिक वितरकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और 36 डिस्ट्रीब्यूटरशिप निलंबित कर दी गई हैं। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच होर्मुज जलमार्ग के बंद होने से उपजा संकट अब गहराने लगा है। पेट्रोलियम पदार्थों की वैश्विक आपूर्ति प्रभावित होने से भारत समेत कई देशों में ईंधन की उपलब्ध ता काफी कम हो गई है। इसका सीधा असर आम लोगों पर पड़ रहा है। देश में सरकार की ओर से भले ही यह दावा किया जा रहा है कि पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है, लेकिन हाल में व्यावसायिक रसोई गैस सिलेंडर और विमान ईंधन की कीमतों में की गई बढ़ोतरी से स्पष्ट है कि संकट धीरे-धीरे अपने पांव पसार रहा है। सरकार देश भर में घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति में देरी को लेकर जिस तरह के हालात बन रहे हैं, उससे लोगों में कई तरह की आशंकाएं पैदा हो गई हैं। इस बीच, पेट्रोलियम उत्पादों की जमाखोरी और कालाबाजारी ने समस्या को और बढ़ा दिया है। इसके मद्देनजर केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही लोगों को घरों में ईंधन के वैकल्पिक उपाय अपनाने और ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करने को भी कहा गया है। गौरतलब है कि ईरान तथा इजराइल-अमेरिका के बीच युद्ध शुरू होने के करीब एक माह बाद कई देशों में तेल और गैस का व्यापक संकट खड़ा हो गया है। ईरान ने जब से होर्मुज जलमार्ग को बंद किया है, उसके बाद भारत सहित कई देशों में बड़े पैमाने पर तेल और गैस की आपूर्ति बाधित हुई है।ऐसे में अगर युद्ध लंबा खिंचा तो आने वाले दिनों में किस तरह की परिस्थितियां पैदा हो सकती हैं, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। इस समस्या से निपटने के लिए सरकार को ईंधन आपूर्ति के वैकल्पिक उपायों पर अब व्यापक स्तर पर और गंभीरता से विचार करना होगा। देश में सरकार के समक्ष चुनौती सिर्फ तेल और गैस की कमी की ही नहीं है, बल्कि इसकी जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने की भी है। मौजूदा संकट का दायरा इसलिए भी बढ़ता जा रहा है, क्योंकि आपदा में अवसर तलाशने वालों में मुनाफा कमाने की होड़ लग गई है। जमाखोरी कर रसोई गैस सिलेंडर ऊंचे दामों पर बेचे जा रहे हैं, जिससे जरूरतमंद आम लोगों को कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है।

# होर्मुज जलडमरूमध्य जलमार्ग :ईरान-अमेरिका युद्ध में तेल के जहाज बने पर्यावरणीय संकट

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच छिड़ी जंग समुद्री पर्यावरण के लिए भारी संकट के रूप में पेश आ रहा है। यह संकट धरती से लेकर आसमान तक कहर डहा रहा है। होर्मुज के संकरे मार्ग पर पेट्रोलियम पदार्थों से भरे करीब 20 जहाज नष्ट कर दिए गए गए हैं। इनमें छह तरल एलपीजी,एक एलएनजी टैंकर,चार कच्चे तेल के जहाज ,एक कैमिकल कैरियर,तीन कंटेनर जहाज और दो बल्क कैरियर जहाज हैं। एक अनुमान के अनुसार इन टैंकरों में तीन लाख मीट्रिक टन तरल एलपीजी भरी हुई है। एक बड़े गैस टेंकर में लगभग 45 हजार मीट्रिक टन एलपीजी होती है। एक बड़े गैस टैंकर से करीब 31 से 32 लाख घरेलू गैस सिलेंडर भरे जा सकते हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने तो यहां तक दावा किया है कि ईरान के खर्ग द्वीप स्थित तेल के सबसे बड़े ठिकाने पर बड़ा हमला किया है। ईरान का यहीं बड़ा सैन्य अड्डा भी है। जिसे अमेरिका ने पूरी तरह नष्ट करने का दावा किया है। 20 वर्ग किमी में फैले ईरान के इस द्वीप से ईरान के कुल तेल का 90 प्रतिशत निर्यात होता है। यहां के तेल भंडारण के टैंक,लोडिंग टर्मिनल,और निर्यात के लिए तेल की पाइपलाइन अत्यंत अहम हैं। दूसरी तरफ ईरान ने यूएई के फुजैराह बंदरगाह पर हमला करके बड़े तेल भंडारों को नष्ट क्र दिया। अतएव पश्चिम एशिया में चल इस संघर्ष में जहाजों को निशाना बनाया जाता रहा तो इन जहाजों से बड़ी मात्रा में तेल,गैस और रसायन फैलेगा,नतीजतन बड़ी मात्रा में समुद्री जल प्रदूषित होगा। पेट्रोलियम पदार्थ एक साथ मिट्टी, पानी और हवा को दूषित करते हुए मानव जीवन के लिए वरदान की बजाय अभिशाप साबित होने लग जाते हैं। वैसे भी दुनिया के समुद्री तटों पर पेट्रोलियम पदार्थों और औद्योगिक कचरे से भयावह पर्यावरणीय संकट पैदा हो रहे हैं। तेल के रिसाव, तेल टैंकों के टूटने व ध ोने से भी समुद्र का पर्यावरणीय पारिस्थितिक-तंत्र (इको सिस्टम) प्रभावित हो रहा है। 20 जहाजों की संख्या तो बहुत होती है,यदि किसी कारण के चलते एक जहाज से भी तेल का रिसाव होता है तो पर्यावरण को बड़ी क्षति पहुंचती है। कुछ साल पहले जापान के टोकियों के तट पर 317 किमी की पट्टी पर तेल के फैलाव से जापान के तटवर्ती शहरों में हाहाकार मच गया था। रूस में बेलाय नदी के किनारे बिछी तेल पाइप लाइन से 150 मीट्रिक टन के रिसाव ने यूराल पर्वत पर्वत पर बसे ग्रामवासियों को पेय जल का संकट खड़ा कर दिया था। सैनजुआन जहाज के कोरल चट्टानों से टकरा जाने के कारण अटलांटिक तट पर करीब तीस लाख लीटर तेल का रिसाव होने से समुद्री जीव प्रभावित हुए थे। मुंबई हाई से लगभग 1600



मीट्रिक टन तेल का रिसाव हुआ। इसी तरह बंगाल की खाड़ी में क्षतिग्रस्त तेल से फैले टैंकर ने निकोबार द्वीप समूह में तबाही मचा दी थी। जिससे यहां रहने वाली जनजातियों और समुद्री जीवों को भारी हानि हुई थी। लाइबेरिया के एक टैंकर से 85000 मीट्रिक टन रिसे तेल ने स्कॉटलैण्ड में पक्षी-समूहों को बड़ी तादात में हानि पहुंचाई दी थी। सबसे भयंकर तेल का फैलाव यूएसए के अलास्का में हुआ था। यह रिसाव प्रिंस विलियम साउण्ड टैंकर से हुआ था। इस तेल के फैलाव का असर छह माह तक रहा। इस अवधि के दौरान इस क्षेत्र में 35000 पक्षी, 10000 ओस्टर शेलफिस और 15 व्हेल मछली मर गईं थीं। बाबजूद इस घटना का असर इराक युद्ध में सद्दाम हुसैन द्वारा समुद्र में छोड़े तेल से कम था। यह तेल इसलिए छोड़ा गया था कि कहीं यह अमेरिका के हाथ न लग जाए। अमेरिका द्वारा इराक के तेल टेंकरों पर की गई बमबारी से भी लाखों टन तेल समुद्री सतह पर फैला था। एक अनुमान के मुताबिक इस कच्चे तेल की मात्रा 110 लाख बैरल थी। इस तेल के बहाव ने फारस की खाड़ी में घुसकर जीव जगत के लिए भारी हानि पहुंचाई थी। इस प्रदूषण का असर मिट्टी, पानी और हवा तीनों पर पड़ा था। जानकारों का मानना है कि इराक युद्ध का पर्यावरण पर पड़ा दुष्प्रभाव हिरोशिमा-नागाशाकी पर हुए परमाणु हमले, भोपाल गैस त्रासदी और चेरनोबिल दुर्घटना से भी ज्यादा था। इस कारण इराक का एक क्षेत्र जहरीले रेगिस्तान में तब्दील हो गया और वहां महामारी का प्रकोप भी अर्से तक रहा। समुद्री सतह पर ये तरल द्रव्य बड़ी मात्रा में फैलते हैं तो इससे जल की सतह पर एक मोटी परत बन जाती है,सूर्य की रौशनी और ऑक्सीजन को नीचे जाने में बढ़ा बन जाती है। इससे जल के भीतर स्वाभाविक रूप में जीवन व्यतीत क्र रहे जिव दम घुटने से मर जाते हैं। जो जीव किसी कारण से बचे भी रहते हैं,उनकी प्रजनन की क्षमता बुरी तरह प्रभावित हो जाती है। क्योंकि इन द्रव्यों का प्रभाव जहरीला होता है। पक्षियों के पंखों और स्तनधारियों के फर पर तेल जमने से उनकी ऊष्मारोधी क्षमता कम हो जाती है। अतएव ये जीव शरीर का तापमान बहुत कम हो जाने से मर जाते हैं। तेल के कुओं और भंडार ग्रहों में आग लगने से तीव्र एवं जहरीली रोशनी निकलती है। यह रोशनी मध ुमक्खियों जैसे परा-गणकों को प्रभावित कर उनके जीवन चक्र को बाधित कर देती है। समुद्र में जल रहा तेल पृथ्वी का ऊर्जा संतुलन तेजी से बिगाड़ने का काम कर रहा है। इससे भविष्य में वैश्विक जलवायु आपातकाल की स्थिति निर्मित हो रही है। ऊर्जा असंतुलन बढ़ता रहा तो वायुमंडल का तापमान गरम होगा,जो एक साथ पृथ्वी,वायु और पानी की नमी को सोखने का काम करेगा। जो हिमनदों के बड़ी मात्रा में पिघलने का कारण बनने के साथ भारी बारिश का सबब बनेगा। जंगलों में आग लगने की घटनाएं बड़ी संख्या में देखने में आएंगी। मध्य एशिया में जल रहा यह तेल हिंद महासागर के तापमान को अप्रत्याशित रूप में बढ़ाएगा।इसका सीधा प्रभाव मौसम चक्र पर पड़ेगा। परिणाम स्वरूप अतिवृष्टि, अनावृष्टि,बाढ़,धूल भरे अंधड़ की घटनाएं कालांतर में देखने को मिल सकती हैं। वर्तमान में दुनिया में 2025-26 के आंकड़ों के अनुसार करीब 1.45 से लेकर 1.64 अरब वाहन मार्गो पर गतिशील हैं, इनमें गलाया जा रहा डीजल-पेट्रोल और गैस का उपयोग भी प्रदूषण का बड़ा कारण है। इन वाहनोंकी संख्या हर 20 साल मेंदोगुनी हो जाती है। प्रदूषण रोकने के तमाम उपायों के बाबजूद 150 लाख टन कार्बन मोनोआक्साइड 10 लाख टन नाइट्रोजनआक्साइड और 15 लाख टन हाइड्रोकार्बन हरेक साल वायुमंडल में बढ़ जाते हैं। यदि युद्ध में निशाना बनाए गए जहाजों के पदार्थ पूरी तरह समुद्र में समा जाते हैं तो समुद्री प्रदूषण किस हाल में जीव-जगत के लिए नुकसानदेह होगा तेल,गैस और रसायनों के जलने से उत्पन्न प्रदूषण फेंफड़ों का कैंसर, दमा, ब्रोकाइटिस, टीबी, हृदय रोग और अनेक त्वचा संबंधी रोगों का कारक बनता है। कैंसर के मरीजों की संख्या में 80 फीसदी रोगी वायुमण्डल में फैले विषैले रसायनों के कारण ही होते हैं। विश्व बैंक ने जल प्रदूषण के कारण स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर की कीमत 150 रुपए प्रति व्यक्ति आंकी है, जो समुद्रतटीय क्षेत्रों में रहते हैं। लेकिन यह मूल्यांकन वर्तमान युद्ध में तेल भंडारों पर जिस तीव्रता से हमले हो रहे हैं,उससे होने वाले नुकसान का आकलन नहीं है। यह आकलन तो युद्ध की समाप्ति के बाद होगा। समुद्री खाद्य पदार्थो पर पेट्रोलियम अपशिष्टों असर भी पड़ता है। इस दूषित जल से ओस्टर शेलफिश कैंसर से पीड़ित हो जाती है। अनजाने में मासांहारी लोग इन्हीं रोगालु जीवों को आहार भी बना लेते हैं। इस कारण मासांहारियों में त्वचा संबंध ी रोग व अन्य लाइलाज बीमारियां घर कर जाती हैं। बहरहाल इस युद्ध में तेल को जिस तरह से निशाने पर लिया जा रहा है,उसके घातक परिणाम तो बाद में आएंगे।

**-प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार**

# जंगल बचाने के नाम पर लाखों पेड़ काट देने का क्या औचित्य?

समाचार पत्रों से मालूम पड़ा है कि जंगल की आग को रोकने के लिये नैनीताल वन प्रभाग के अधिकारियों ने दस हजार पेड़ों को काटने का फैसला लिया है। कहा जा रहा है कि नैनीताल वन प्रभाग की आठ रेंजों में 440 किलोमीटर फायर लाइन पर खड़े इन पेड़ों को काटकर जंगल में लगने वाली आग को रोका जा सकेगा। यह एक विडंबना है कि जंगल को आग से बचाने के लिए इतनी बड़ी संख्या में पेड़ों को कुर्बान कर दिया जाएगा और यह केवल एक वन प्रभाग की बात है। जानकारी के अनुसार उत्तराखंड में कुल 44 वन प्रभाग हैं। इनमें से एक नैनीताल प्रभाग में जब दस हजार पेड़ काटे जाने हैं तो पूरे उत्तराखंड में कितने पेड़ काटे जाएंगे इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। क्या इस तरह लाखों पेड़ों को काट देना उचित है। ये लाखों पेड़ तो वह हैं जो एक निश्चित मोटाई से ज्यादा व्यास के हैं और पेड़ों की परिभाषा में आते हैं जिन्हें काटने के लिए न्यायालय से अनुमति ली गई है। इनके अलावा कितने लाखों पेड़ ऐसे भी कटेंगे जो अभी पेड़ के लिये निर्धारित परिभाषा में नहीं आते हैं। उनका आंकड़ा तो सार्वजनिक करने की जरूरत ही नहीं समझी जाती है। वह तो गिनती में ही नहीं आते हैं। क्या वनाग्नि को रोकने के लिये दूसरे उपाय नहीं खोजे जा सकते हैं? क्या कोई महामारी फैलने पर ऐसा किया जा सकता है कि बीमार लोगों को मार दिया जाय कि बीमारी आगे ना फैले? ये बेचारे पेड़ तो बीमार भी नहीं हैं। जंगल में आग एक इलाके से दूसरी ओर ना फैले इसके लिये फायर लाइन काटी जाती हैं। आवश्यकतानुसार ये 3 मीटर से 12 मीटर तक चौड़ी हो सकती हैं। इन फायर लाइनों में झाड़ियों, सूखे पत्तों को बीच में इकट्ठा करके वन कर्मियों की देखरेख में जला दिया जाता है ताकि कभी आग लग जाए तो फायर लाइन में ईंधन ना मिलने से आग व्यापक रूप से आगे फैल ना पाए। कहा जा रहा है कि काफी समय से इन फायर लाइनों पर पेड़ उग आए हैं जिन्हें हटाये जाने की योजना है। इस बात से स्पष्ट है कि लंबे समय से इन फायर लाइनों की देखरेख और सफाई नहीं हुई होगी अन्यथा ये पेड़ पहले ही हटा दिए गए होते और ये नौबत ना आती कि पेड़ इतने बड़े हो जाएं कि उन्हें काटने के लिए अदालत से इजाजत लेनी पड़ती। एक ओर सुप्रीम कोर्ट के सख्त निर्देश हैं कि पराली या कोई भी कृषि में बचे उत्पाद जलाये ना जाएं। यहां तक कि ऐसा करने पर भारी जुर्माने का भी प्रावधान है। दूसरी ओर वन विभाग आज भी अंग्रेजों के जमाने की तरकीबों पर निर्भर है। आज भी लकीर के फकीर की तरह पुराने तरीकों का पालन किया जा रहा है। हर साल सभी वन प्रभागों में कंट्रोल बर्निंग की जाती है। यह भी फायर लाइन जैसी प्रक्रिया है। इसमें सूखे पत्ते, झाड़ियों को जला दिया जाता है जिससे किसी कारण यदि आग लग जाय तो वह ज्यादा क्षेत्र में ना फैले। क्या यह न्यायालय के आदेशों की अवमानना नहीं है। इससे कितना वायु प्रदूषण होता



है। भारी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड और अन्य विषैली गैसें वातावरण को दूषित करती हैं। उत्तराखंड राज्य के देहरादून में देश का जाना माना वन अनुसंधान केंद्र है। हमारे वैज्ञानिकों को अन्य उपायों पर विचार करना चाहिये कि वनाग्नि पर कैसे नियंत्रण किया जाए। बहुत पहले पढ़ा था कि इटली में राष्ट्रीय राजमार्ग बनाते समय सिनकोना का एक बड़ा पेड़ बीच में आ रहा था उसे काटने के बजाय वहां सड़क को इस तरह घुमाकर बनाया गया कि पेड़ बच गया। हमारे यहां तो पेड़ों को कुछ समझा ही नहीं जाता है विकास के नाम पर लाखों पेड़ काट दिए जाते हैं। कोई इनके बारे में सोचता तक नहीं है कि इनमें भी जीवन है और ये ही हमारे जीवन का आधार हैं।दूसरे देशों में लोग इतने संवेदनशील हो सकते हैं कि एक पेड़ के लिये रोड को ही घुमाकर बना देते हैं तो क्या हम अपने जंगल में फायर लाइन को पेड़ों को बचाते हुए घुमाकर नहीं बना सकते हैं और क्या यह पक्के तौर पर कहा जा सकता है कि पेड़ों को काटकर फायर लाइन बनाने के बाद आग नहीं लगेगी और बिल्कुल नहीं फैलेगी। चीड़ की पत्तियां जिन्हें पिरूल कहा जाता है वह हों, साल, सागौन के पत्ते हों या दूसरे पर्णपाती पेड़ों के पत्ते हों वह लगातार गिरते रहते हैं। एक बार फायर लाइन को साफ कर देने से हमें आश्वस्त नहीं हो जाना चाहिएघ् कि पूरे फायर सीजन में आग से बचाव हो जाएगा। जंगल की आग को तब तक नहीं रोका जा सकता जब तक लगातार गिरे हुए पत्तों को ना हटाया जाय जो ज्वलनशील होते हैं और जंगल की आग के लिए ईंधन का काम करते हैं। जंगलों में आग कभी अपने आप नहीं लगती है। 99.99 प्रतिशत मामलों में यह आदमियों द्वारा लगाई जाती है। वन माफिया अपनी चोरी को छिपाने के लिए आग लगाते हैं। ग्रामीण अच्छी घास उगेगी ऐसी धारणा के कारण घास को जलाते हैं जो बढ़कर फैल जाती है। कुछ लोगों द्वारा लापरवाही से जलते बीड़ी सिगरेट के टुकड़े फेंक देने से भी आग लगती है। मेरा सुझाव है कि व्यापक स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने चाहिएघ्। वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को कर्तव्यबोध कराया जाय ताकि वह आग की सूचना मिलने पर तत्परता से प्रयास करें। प्रदेश के वन मंत्री सुबोध उनियाल वैज्ञानिक सोच वाले व्यक्ति हैं उनकी पहल है कि फायर फाइटिंग के लिये आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके इसके लिए वह प्रयास भी कर रहे हैं। अब तो वन विभाग के पास ब्लोअर आदि भी उपलब्ध हैं तो बजाय पत्ते जलाने के उन्हें इकट्ठा करके फायर गैप बनाया जाय ताकि आग फैलने ना पाए। जनसहभागिता बढ़ाकर जंगलों को बचाया जा सकता है।कंट्रोल बर्निंग के बजाय स्थानीय लोगों को पिरूल और सूखे पत्ते इकठ्ठा करके ले जाने की इजाजत देकर फायर लाइनों को साफ रखा जा सकता है। यह पिरूल और सूखे पत्ते, गिरी हुई टहनियां ग्रामीणों के काम आ सकती हैं। उत्तराखंड सरकार ने 50 रुपए किलो में पिरूल खरीदने का फैसला किया था जो ठीक तरह से लागू किया जाय तो वनाग्नी रोकने के लिए कारगर उपाय हो सकता है। हालांकि मेरी व्यक्तिगत राय है 50 रुपए किलो कीमत कुछ ज्यादा है। पिरूल और दूसरे सूखे पत्ते वाजिब कीमत पर खरीद कर कॉम्पेक्टर मशीन से बंडल बनाकर वन निगम द्वारा ऐसे कारखानों को बेचा जा सकता है जहां कोयला आदि ईंधन इस्तेमाल होता है।गढ़वाल और कुमाऊं मंडल में एक एक बहुउद्देशीय हेलीकॉप्टर रखे जा सकते हैं जो जंगल की आग बुझाने, एयर एम्बुलेंस की तरह और प्राकृतिक आपदा के समय लोगों को एयर लिफ्ट करने के काम आयेंगे। अन्य भी बहुत से उपाय हो सकते हैं जिनपर मंथन की आवश्यकता है। मेरा वन मंत्री और वन विभाग के उच्चाधिकारियों से अनुरोध है इस विषय में हस्तक्षेप करके इन लाखों पेड़ों को कटने से बचाएं।

**डॉ. आशुतोष पन्त**
**पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी/ पर्यावरणविद, हल्द्वानी**

# यशपाल आर्य और हरीश रावत की मुकालात से हलचल तेज

## हरदा के राजनीतिक अवकाश और वरिष्ठ नेताओं की खींचतान की बीच डैमेज कंट्रोल करने में जुटी कांग्रेस

देहरादून(उद संवाददाता)। देहरादून में यशपाल आर्य और हरीश रावत की मुलाकात ने राज्य की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। उत्तराखंड कांग्रेस में चल रही अंदरूनी खींचतान और बयानबाजी के बीच इस मुलाकात को "डैमेज कंट्रोल" के तौर पर देखा जा रहा है।बताया जा रहा है कि नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने देहरादून स्थित पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के आवास पहुंचकर उनसे शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, संगठन को मजबूत करने, आगामी 2027 की चुनावी रणनीतियों और जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। मुलाकात के बाद दोनों नेताओं ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा कर पार्टी को मजबूत बनाने का संदेश भी दिया। दरअसल, हाल के दिनों में उत्तराखंड कांग्रेस में गुटबाजी और असंतोष खुलकर सामने आया है। पार्टी ने भाजपा को टक्कर देने के लिए कुछ पूर्व नेताओं और विधायकों को शामिल किया, लेकिन कुछ नामों को लेकर विवाद भी खड़ा हो गया। इसी बीच हरीश रावत ने एक कद्दावर नेता को शामिल न किए जाने पर नाराजगी जताई और युवा नेताओं की उपेक्षा का मुद्दा उठाते हुए 15 दिन के राजनीतिक अवकाश की घोषणा कर दी, जिससे पार्टी में हलचल तेज हो गई। रावत के इस कदम के बाद कांग्रेस के भीतर बयानबाजी भी बढ़ी, जिस पर प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने नेताओं को अनुशासन में रहने और अपनी बात पार्टी मंच पर रखने की सलाह दी। अब यशपाल आर्य और हरीश रावत की मुलाकात को पार्टी के भीतर एकजुटता लाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है



कि भाजपा के खिलाफ मजबूत मुकाबले के लिए कांग्रेस को अनुभवी नेताओं, खासकर हरीश रावत जैसे कद्दावर चेहरे की जरूरत बनी रहेगी। उत्तराखंड कांग्रेस में वरिष्ठ नेताओं की बयानबाजी को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आज पूर्व सीएम हरीश रावत के आवास पहुंचकर उनसे भेंट की साथ ही आगामी विध ानसभा चुनाव की रणनीतियों पर भी चर्चा की। सोशल मीडिया पर दोनों नेताओं ने मुलाकात की तस्वीरे साझा करते हुए कांग्रेस की मजबती के लिए जुटने का आह्वान किया है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय जी से उनके देहरादून स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, संगठन की मजबूती, आगामी रणनीतियों एवं जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक एवं विस्तृत चर्चा हुई। पिछले दिनों कांग्रेस ने भाजपा को टक्कर देने के लिए पूर्व में भाजपा से निष्कासित नेताओं और पूर्व विधायकों की पार्टी में ज्वाईनिंग करायी थी। पार्टी में कुल सात नेताओं की ज्वाइनिंग हुई लेकिन कुछ नेताओं के नाम को लेकर माथापच्ची चल रही थी। इसी बीच पूर्व सीएम हरीश रावत ने एक कद्दावर नेता को पार्टी में शामिल नहीं कराने पर अपनी पीड़ा व्यक्त की। इतना ही नहीं उन्होंने पार्टी में युवा नेताओं की उपेक्षा का हवाला देते हुए राजनीतिक अवकाश लेने का ऐलान कर पार्टी में खलबली मचा दी। हांलाकि हरदा ने इसे सिर्फ 15 दिन का अवकाश बताकर विरोधियों का साधने का प्रयास किया। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेता हरदा के संकेतों को लेकर हमलावर हो गये । कांग्रेस में नेताओं की बयानबाजी को थामने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने सभी को अपनी बात पार्टी फोरम में रखने की नसीहत दी है। वहीं अब नेता प्रतिपक्ष की पूर्व सीएम हरीश रावत से हुई इस मुलाकात के नये सियासी मायने भी निकाले जा रहे है। कुछ नेता पूर्व सीएम को पार्टी की जिम्मेदारी से बाहर होने का दावा कर रहे हैं लेकिन राजनीतिक पंडितों का मानना है कि प्रदेश में लगातार सत्ता पर काबिज हो रही भाजपा से मुकाबले के लिए कांग्रेस को पूर्व सीएम जैसे अनुभवी नेता की हमेशा जरूरत रहेगी।

## मेयर ने दो कक्षा कक्षों का किया उद्घाटन



हल्द्वानी(उद संवाददाता)। बालिका इंटर कालेज काठगोदाम में आज मेयर गजराज बिष्ट द्वारा राउण्ड टेबल 348 द्वारा कराये गये दो कक्षा कक्षों का एरिया हेड चैयरमेन निखिल अग्रवाल के साथ पूजा अर्चना के बीच फीता काटकर उद्घाटन किया गया। कनविनर सौरभ शाह व राउण्ड टेबल की ओर से बच्चों को पाठ्य पुस्तकें और बैग भी वितरित किये गये। विद्यालय के प्रध ानाचार्य फरहत अबसार ने सबका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर आशा, चम्पा गौरी, कविता उपाध्याय, सन्नी आनन्द, रोहित अग्रवाल, अतीब, शिवाय वत्सल, भरत साह, महक, श्रष्टि अग्रवाल, अमनदीप आदि मौजूद थे।

## नानकमत्ता में ठुकराल के स्वागत के बीच गुटबाजी की चर्चा तेज

नानकमत्ता। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले नानकमत्ता विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की अंदरूनी स्थिति को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के क्षेत्र में आगमन पर जहां एक ओर उनका जोरदार स्वागत किया गया, वहीं दूसरी ओर पार्टी के दो प्रमुख दावेदारों का कार्यक्रम से नदारद रहना चर्चा का विषय बन गया। जानकारी के अनुसार, ठुकराल के नानकमत्ता पहुंचने पर विधायक गोपाल सिंह राणा के समर्थकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और शक्ति प्रदर्शन भी किया। लेकिन विधानसभा टिकट की दावेदारी कर रहे दो अन्य प्रमुख नेता न केवल कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए, बल्कि उनके कई समर्थक भी मौके पर दिखाई नहीं दिए। इस अनुपस्थिति को लेकर राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। स्थानीय स्तर पर



इसे कांग्रेस के भीतर गुटबाजी के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि चुनाव से पहले इस तरह की स्थिति पार्टी के लिए नुकसानदेह साबित हो सकती है। वहीं, पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच भी इस बात को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है कि आखिरकार संगठन में एकजुटता कब दिखाई देगी। बताया जा रहा है कि जिन दावेदारों ने कार्यक्रम से दूरी बनाई, उन्हें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में गिना जाता है। ऐसे में उनका इस महत्वपूर्ण मौके पर अनुपस्थित रहना अनुशास नहीनता के रूप में भी देखा जा रहा है। इससे यह संकेत भी मिल रहा है कि टिकट वितरण को लेकर अंदरखाने असंतोष बना हुआ है। कुल मिलाकर, नानकमत्ता विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के भीतर दो धड़ों की स्थिति साफ तौर पर उभरकर सामने आ रही है, जो आगामी चुनावों में पार्टी के लिए चुनौती बन सकती है। अब देखने वाली बात यह होगी कि पार्टी नेतृत्व इस गुटबाजी को किस तरह सुलझाता है और चुनाव से पहले संगठन को एकजुट कर पाता है या नहीं।




## पेज एक का शेष...

**गैस एजेंसी प्रबंधक...**करना पड़ा। जानकारी के अनुसार कुमाऊं मंडल विकास निगम की ओर से चंपावत में इंडेन गैस एजेंसी का संचालन किया जाता है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात गैस एजेंसी के प्रबंधक 55 वर्षीय दयाल रावत ने अपने आवास पर अज्ञात कारणों के चलते विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया था। हालत बिगड़ने पर पड़ोसियों की मदद से उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने उनके निवास स्थान की गहनता से पड़ताल की लेकिन मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। फिलहाल पुलिस ने मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में चर्चा है कि गैस प्रबंधक दयाल शरण पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव और डिप्रेशन से जूझ रहे थे। वहीं कुछ लोगों का यह भी कहना है कि गैस वितरण की व्यवस्था और काम के भारी दबाव के चलते उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस प्रशासन का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विभागीय जांच पूरी होने के बाद ही आत्महत्या के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। घटना के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और विभाग के कर्मचारियों में शोक की लहर है। घटना के चलते आज कुमांऊ भर की गैस एजेसियों में ताले लटके रहे। रूद्रपुर में भी गैस एजेंसी बंद रही। गैस एजेंसियों में काम काज ठप होने से उपभोक्ताओं को भारी फजीहत उठानी पड़ी।

**स्पा सेंटर की आड़ में ...**की तलाश कर रही है। वहीं दूसरी बड़ी कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी की टीम ने भूरारानी रोड स्थित पिंक डायमंड स्पा में की। पुलिस के घुसते ही काउन्टर पर बैठा अरशद निवासी दिल्ली पुलिस को देख शोर मचाने लगा। टीम ने तुरंत घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान एक कमरे में सूरज राठौर निवासी बरेली एक युवती के साथ नग्न अवस्था में मिला। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि स्पा मालिक गुरमीत सिंह उर्फ गोपी उससे जबरन वैश्यावृत्ति करवा रहा था और प्रति ग्राहक 2000 रुपये वसूले जा रहे थे। पुलिस ने मौके से अरशद खान, रोहित छाबड़ा निवासी इंद्रा कॉलोनी और ग्राहक सूरज राठौर को गिरफ्तार किया। रोहित छाबड़ा पहले भी अनैतिक व्यापार के मामले में जेल जा चुका है और वह इस स्पा के लिए ग्राहक ढूंढने और रुपयों का हिसाब रखने का काम करता था। यहां से पुलिस ने 2250 रुपये नकद, आईफोन सहित 3 मोबाइल फोन और एंट्री रजिस्टर और आपत्तिजनक सामान बरामद किया। इस सेंटर से दिल्ली, पीलीभीत, सीतापुर और पश्चिम बंगाल की रहने वाली कुल 5 महिलाओं को रेस्क्यू किया गया। क्षेत्राधिकारी नगर प्रशांत कुमार के निर्देशन में हुई इस छापेमारी में वरिष्ठ उपनिरीक्षक केसी आर्या, उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह, जितेन्द्र खत्री, अकरम अहमद, कीर्ती भट्ट, दीपक बहुगुणा, महिला कांस्टेबल चांदनी मेहरा, प्रियंका कोरंगा, गंगा आर्या और ममता मेहरा सहित भारी पुलिस बल शामिल रहा। पुलिस ने सभी अभियुक्तों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 143 और अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम की धाराओं 3/4/5/6 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। रेस्क्यू की गई महिलाओं को सुरक्षा की दृष्टि से महिला बैरक में रखा गया है, जिन्हें काउंसलिंग के बाद परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से शहर के अन्य स्पा संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। इसके अलावा पुलिस ने आपरेशन प्रहार के तहत कई अन्य स्पा सेंटरों पर भी छापेमारी की। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम आवास विकास क्षेत्र स्थित एक थाई स्पा सेंटर पहुंची, जहां कई युवतियां मौजूद मिलीं। पुलिस ने उनसे आवश्यक दस्तावेज मांगे, लेकिन संतोषजनक कागजात प्रस्तुत नहीं किए जा सके। हालांकि यहां पर मौके से कोई आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई, लेकिन नियमों के उल्लंघन के चलते स्पा सेंटर के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। इसके बाद टीम मेट्रोपोलिस मॉल स्थित एक अन्य स्पा सेंटर पर पहुंची, जहां सेंटर बंद मिला। पुलिस द्वारा संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संचालक से कोई जवाब नहीं मिला। इस पर टीम ने कटर की मदद से ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और जांच शुरू की। पुलिस के पहुंचने से पहले ही संचालक फरार हो गया। सूचना मिलते ही एसडीएम और तहसीलदार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने स्पा सेंटर के अंदर मौजूद रजिस्टर और अन्य दस्तावेजों को कब्जे में लेकर गहन जांच शुरू कर दी है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई से शहर के स्पा सेंटर संचालकों में हड़कंप है।

**दो अवैध मजारों...**अतिक्रमणों को कानूनी प्रक्रिया के तहत हटाया गया है। तराई पूर्वी वन प्रभाग के डीएफओ हिमांशु बागड़ी ने जिला प्रशासन को इस पूरी कार्रवाई से अवगत कराया है। उन्होंने बताया कि किच्छा और सितारगंज वन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली डोला और पुलभट्टा फॉरेस्ट रेंज में यह अवैध निर्माण किए गए थे। बाराकोली वन क्षेत्र में लगभग 0.25 हेक्टेयर भूमि को दो अवैध संरचनाओं से मुक्त कराया गया है। इससे पूर्व भी प्रभाग द्वारा 214.02 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि दोनों अवैध मजारों के विषय में विभाग ने विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए नोटिस जारी किए थे। इन मजारों के खादिमों द्वारा दो माह की अवधि बीत जाने के बाद भी विभाग को कोई साक्ष्य या जवाब नहीं दिया गया, जिसके बाद विभाग ने तड़के ही इन्हें ध्वस्त करते हुए मलबे को वन क्षेत्र से पूरी तरह हटा दिया है। एडीएम पंकज उपाध्याय ने बताया कि इन अवैध संरचनाओं के विषय में वन विभाग और जिला प्रशासन के बीच गहन विचार विमर्श किया गया था। सभी कानूनी पहलुओं की जांच और विधिक प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद ही यह कदम उठाया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी और वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली उत्तराखंड सरकार प्रदेश में अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाए हुए है। शासन की इस मुहिम के तहत अभी तक प्रदेश भर में ऐसी 577 अवैध संरचनाओं को ध्वस्त कर बेशकीमती सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जा चुका है। वन विभाग की इस ताजा कार्रवाई से अवैध कब्जाध ारकों में हड़कंप मचा हुआ है।

**आईजी ने कुमाउं...**रेंज के विभिन्न जिलों में स्टाफ की कमी को दूर करने की भी कोशिश की गई है। प्रमुख तबादलों के तहत अल्मोड़ा से ऊधम सिंह नगर के लिए राजेंद्र कुमार, दिनेश नाथ, अवनीश कुमार, संजय जोशी, अजेंद्र प्रसाद और मीना आर्या को भेजा गया है। वहीं चंपावत से ऊधम सिंह नगर के लिए निर्मल सिंह लटवाल, दिलवर सिंह, देवेंद्र सिंह बिष्ट, सुरेंद्र सिंह कोरंगा, कैलाश चंद्र और जितेंद्र बिष्ट की तैनाती की गई है। चंपावत से नैनीताल के लिए लक्ष्मण सिंह जगवाण, भुवन चंद्र आर्य और देवनाथ को नई जिम्मेदारी दी गई है। पिथौरागढ़ से ऊधम सिंह नगर के लिए अंबी राम, मनोज पांडेय, मदन सिंह बिष्ट तथा पिथौरागढ़ से नैनीताल के लिए बसंत बल्लभ पंत और प्रदीप कुमार को स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा बागेश्वर से नैनीताल के लिए मनवर सिंह, प्रताप सिंह नगरकोटी और विवेक को भेजा गया है। माना जा रहा है कि इस रोटेशन से पुलिसिंग में अधिक चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था और पारदर्शिता आएगी।

**दिनदहाड़े किसान के घर...**ताले टूटे हुए थे और सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। अंदर रखी लाखों की नकदी और गहने गायब थे। सुचित्रा की चीख-पुकार सुनकर परिवार के अन्य सदस्य और पड़ोसी मौके पर इकट्ठा हो गए। निशिकांत हालदार ने बताया कि चोरी गई यह रकम उनकी वर्षों की खून-पसीने की कमाई थी। हाल ही में उन्होंने अपनी जमीन का एक हिस्सा बेचा था, जिसकी बड़ी रकम भी घर में ही रखी हुई थी। चोरों ने उनकी जिंदगी भर की संचित पूंजी को महज एक घंटे के भीतर पार कर दिया। समाजसेवी रमेश राय ने तत्काल पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी ललित चौधरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया। जांच के दौरान पुलिस ने जब दोबारा लॉकर और बक्सों को खंगाला, तो एक पॉलीथिन में बंधे करीब 1 लाख 20 हजार रुपये पुलिस को मिल गए, जिसे शायद चोर हड़बड़ी में छोड़ गए थे। हालांकि, बाकी की बड़ी रकम और कीमती जेवरात का कोई सुराग नहीं लग सका है। इस वारदात ने स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। लोगों का कहना है कि दिनदहाड़े घनी आबादी वाले वार्ड में इतनी बड़ी चोरी होना पुलिस गश्त और सुरक्षा पर बड़ा प्रश्नचिह्न है। फिलहाल पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

**सेलून से सोने..**इत्मीनान उसकी गुणवत्ता को परखा और पहन कर देखा। इसके बाद उसने गल्ले में रखी लगभग 60 हजार की नगदी निकाली और वहां से रफूचक्कर हो गया। व्यापारी नेता सेजय जुनेजा ने घटना पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस की लापरवाही के कारण नगर में चोरी की घटनायें लगातार बढ़ती जा रही हैं वहीं पुलिस किसी भी घटना का खुलासा भी नहीं कर पा रही है। यदि पुलिस ने अपना लापरवाही का रवैया नहीं बदला तो पुलिस के खिलाफ आन्दोलन शुरू कर दिया जायेगा।

**दो टेंपो ....**निकालकर अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल दो पर्यटकों को बेहतर इलाज के लिए हल्द्वानी के हायर सेंटर रेफर किया गया है जबकि अन्य घायलों का उपचार स्थानीय चिकित्सालय में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों की पड़ताल की जा रही है। हालांकि प्रारंभिक तौर पर ब्रेक फेल होना ही मुख्य कारण माना जा रहा है लेकिन वाहन की तकनीकी जांच कर अन्य पहलुओं पर भी गौर किया जा रहा है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# ध्वजारोहण के साथ धूमधाम से मनाया भाजपा का स्थापना दिवस

रूद्रपुर। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष कमल जिंदल के नेतृत्व में जिला कार्यालय पर ध्वजारोहण किया गया और कार्यकर्ताओं के बीच मिठाई वितरण कर संगठन का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारों से परिसर को गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हर कार्यकर्ता के लिए गर्व और आत्मचिंतन का दिन है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन केवल संख्या बल के आधार पर नहीं, बल्कि अपने महान विचारों और कार्यकर्ताओं के त्याग के कारण बनी है। कमल जिंदल ने कहा कि जनसंघ के समय से लेकर आज तक पार्टी ने कभी अपने सिद्धांतों से संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक शक्तिशाली बनाएंगे ताकि जनकल्याणकारी नीतियां हर पात्र व्यक्ति तक पहुंच सकें। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राजनीतिक दल मात्र नहीं, बल्कि राष्ट्र पुनर्निर्माण का एक मिशन है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को साकार करने की दिशा में हमारी सरकारें निरंतर कार्य कर रही हैं। विकास शर्मा ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में देश और विशेषकर उन्होंने कार्यकर्ताओं के श्रम को वंदन करते हुए कहा कि आपकी मेहनत ही पार्टी की असली पूंजी है और आगामी समय में हमें एकजुट होकर जनसेवा के नए कीर्तिमान स्थापित करने हैं। भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने कहा कि दो सीटों से शुरू हुआ यह सफर आज देश के कोने-कोने में अपनी जड़ें जमा चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा महिलाओं, युवाओं और वंचित वर्गों के उत्थान को प्राथमिकता दी है। गुंजन सुखीजा ने कहा कि संगठन की मजबूती











वक्ताओं ने पार्टी के जनसंघ से लेकर वर्तमान तक के सफर और अंत्योदय की विचारधारा पर विस्तार से चर्चा की।कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता राम प्रकाश गुप्ता, उत्तम दत्ता, डा. रामवीर सिंह, संजीव खन्ना, शैली फुटेला को समझौता नहीं किया। राष्ट्र प्रथम का जो मंत्र हमारे पूर्वजों ने हमें दिया था, आज प्रध नमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वह धरातल पर उतर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि स्थापना दिवस के इस पावन अवसर पर वे संकल्प लें कि हमारा शहर रुद्रपुर चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर है। आज भाजपा का कार्यकर्ता गर्व से कह सकता है कि हम उस संगठन का हिस्सा हैं जिसने राम मंदिर निर्माण और धारा 370 जैसे ऐतिहासिक संकल्पों को सिद्ध किया है। के पीछे उन लाखों कार्यकर्ताओं का संघर्ष है जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी कमल के फूल को थामे रखा। आज केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से समाज का अंतिम व्यक्ति लाभान्वित हो रहा है, जो हमारी वैचारिक विजय है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आगामी चुनौतियों के लिए तैयार रहने और संगठन की रीति-नीति को घर-घर तक पहुंचाने का मंत्र दिया। विचार गोष्ठी को अन्य वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा नेतृपाल मौर्य, प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा धीरेंद्र मिश्रा, प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा रश्मि रस्तोगी, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, जिला महामंत्री तरुण दत्ता, जिला कोषाध्यक्ष रोशन अरोरा, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु शुक्ला, जिला मंत्री गजेंद्र प्रजापति, जिला मंत्री प्रमोद मित्तल, कार्यालय मंत्री मोर सिंह, सुरेंद्र चौधरी, जिला मीडिया संयोजक विजय पाल सिंह तोमर, सोशल मीडिया संयोजक अक्षय गेहलोत, रामप्रकाश गुप्ता, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा अनिल चौहान, राकेश सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा उपेंद्र चौधरी, भाजपा नेता अजय तिवारी, ओबीसी मोर्चा योगेश वर्मा, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा राजेश बजाज, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा हारून मलिक सहित भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दो बाइकों की भिड़ंत में तीन युवक घायल, एक की हालत गंभीर

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर के पीरूमदारा क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला जहां दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत में तीन युवक घायल हो गए। हादसा कुंदन स्वीट्स के पास नेशनल हाईवे 309 रामनगर काशीपुर मार्ग पर हुआ जहां तेज रफ्तार और लापरवाही एक बार फिर दुर्घटना का कारण बनी। जानकारी के अनुसार एक बाइक पर सवार मालधन निवासी रोहित और राजेश जिनकी उम्र करीब 17 वर्ष है, देर शाम पीरूमदारा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे दूसरी बाइक सवार शक्तिनगर निवासी सरताज ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। घायल रोहित ने बताया कि वह ग्रीन फील्ड स्कूल पीरूमदारा से वॉलीबॉल खेलकर लौट रहा था और अपने एक दोस्त को छोड़ने जा रहा था तभी पीछे से आ रहे सरताज की बाइक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों का संतुलन बिगड़ गया और तीनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई और स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए दौड़ पड़े। घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को रामनगर के रामदत्त संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया गया। अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर हर्ष ने बताया कि तीनों घायलों का उपचार किया गया जिसमें राजेश की हालत गंभीर होने के कारण उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। वहीं रोहित और सरताज का इलाज अस्पताल में ही जारी है और उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।






# 219 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

गदरपुर । पुलिस मुख्यालय देहरादून द्वारा चलाए जा रहे "ऑपरेशन प्रहार" अभियान के तहत कोतवाली गदरपुर पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को 219 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधमसिंह नगर के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी विभव सैनी बाजपुर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक के नेतृत्व में चौकी गूलरभोज पुलिस टीम ने कार्रवाई की।पुलिस टीम ने 5 अप्रैल को शिव मंदिर तिराहे के पास ठंडा नाला जाने वाले मार्ग पर चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल सवार युवक को रोका। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 219 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी की पहचान धर्मेंद्र (24 वर्ष), पुत्र दिनेश राजभर, निवासी ग्राम मालपार बेनुपुर



थाना मेहनगर, जिला आजमगढ़ (हाल निवासी महतोष, गदरपुर) के रूप में हुई।पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ कोतवाली गदरपुर में एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।बरामद सामान में 219 ग्राम चरस, मोटर साइकिल यूके 06बीके 0839 और एक वीवो मोबाइल फोन शामिल है। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक, उपनिरीक्षक दीवान सिंह बिष्ट, हेड कांस्टेबल दयाल गिरी और कांस्टेबल रघुवर सिंह शामिल रहे।

# धूमधाम से मनाया भाजपा का 47 वां स्थापना दिवस

काशीपुर। देश के अन्य भागों की तरह आज यहां काशीपुर में भी भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस जिला अध्यक्ष मनोज पाल के नेतृत्व में जिला कार्यालय पर पूरी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें सभी छोटे-बड़े पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला कार्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया और जिला अध्यक्ष के साथ मिलकर सभी ने ध्वजारोहण रोहण किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि पार्टी की मजबूती कार्यकर्ताओं की निष्ठा और समर्पण से ही संभव है। देवतुल्य कार्यकर्ताओं के अथाह सहयोग और मेहनत का ही परिणाम है कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। कार्यक्रम में अध्यक्ष मनोज पाल, राज्य मंत्री मंजीत सिंह राजू, पूर्व विध ायक शैलेंद्र मोहन सिंघल, मत्स्य पालक उपाध्यक्ष सीमा चौहान समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण माहौल के बीच जिला अध्यक्ष मनोज पाल सहित तमाम वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पार्टी के सिद्धांतों और उपलब्धियों पर भी चर्चा की तथा संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

